CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 19 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –110 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू क्यों नहीं हुई ? पृष्ठ 3

अभिमत ■ कला में उपभोक्तावाद और गांधी का संदेश पृष्ठ 4

■ भारतीय मूल के थर्मन सिंगापुर राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन पात्र उम्मीदवारों में शामिल पृष्ठ 9

एक अच्छे दिन की जरूरत और 90 मीटर के पार कर जाएगा भाला : नीरज पृष्ठ 10

## नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी चेतावनी

# सभी के साथ होगा एक जैसा व्यवहार

**नई दिल्ली**,18 अगस्त (एजेंसियां)। देश में हेट स्पीच और हेट क्राइम के बढ़ते मामलों पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी चाहे कोई भी हो, किसी भी पक्ष का हो। उनके साथ समान व्यवहार किया जाएगा। ऐसे लोगों से कानून के तहत निपटा जाएगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। 18 अगस्त को मामले की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस खन्ना ने कहा कि हमें बिहार में जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई करनी है। हेट स्पीच पर हम अगले शुक्रवार (25 अगस्त) को सुनवाई करेंगे। इसके बाद मामले की सुनवाई 25 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। बिहार सरकार राज्य में जातिगत जनगणना करा रही है। सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। जिस पर जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच सुनवाई कर रही है। हेट स्पीच के मामले पर पिछली सुनवाई 11 अगस्त को हुई थी, तब कोर्ट ने केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक कमेटी बनाने का आदेश दिया था।

**नफरती भाषण व अपराध पूरी तरह अस्वीकार्य**

सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि जहां भी नफरती भाषण होगा, उनसे कानून के अनुसार निपटा जाएगा। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, पिछली सुनवाई में हेट स्पीच और हेट क्राइम पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त विचार व्यक्त किए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हेट क्राइम और हेट स्पीच पूरी तरह अस्वीकार्य है। भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हों, मैकेनिज्म बनाना जरूरी है। हमें इस समस्या का हल निकालना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रस्ताव मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रैलियों आदि पर रोक लगाने के आदेश देने से इनकार किया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा है कि वे अपने पास उपलब्ध हेट स्पीच के मैटेरियल को तहसीन पूनावाला फैसले के मुताबिक नोडल अफसर को दें। नोडल अफसर कमेटी को इस तरह की शिकायतों पर निवारण के लिए समय समय पर मिलना चाहिए। साथ ही कहा था कि हम डीजीपी से कहेंगे कि वे एक कमेटी का गठन करें, जो अलग-अलग इलाकों के एसएचओ से प्राप्त हेट स्पीच की शिकायतों पर गौर कर उनके कंटेंट की जांच करे और सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी करे।



नफरती भाषण के दोषी पर कानूनी कार्रवाई हो, चाहे वह किसी भी पक्ष का हो : सुप्रीम कोर्ट

**नफरती बयान को लेकर सरकारों को पहले भी दे चुकी निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2023 में हेट स्पीच के मामलों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत एक्शन लेने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था जब भी कोई नफरत फैलाने वाला भाषण देता है तो सरकारें बिना किसी शिकायत के एफआई दर्ज करें। हेट स्पीच से जुड़े मामलों में केस दर्ज करने में देरी होने पर इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि हेट स्पीच एक गंभीर अपराध है, जो देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित कर सकता है। हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गए हैं? यह दुखद है। न्यायाधीश गैर-राजनीतिक हैं और उन्हें पार्टी ए या पार्टी बी से कोई सरोकार नहीं है। उनके दिमाग में केवल भारत का संविधान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन मामलों में कार्रवाई करते समय बयान देने वाले के धर्म की परवाह नहीं करनी चाहिए। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष देश की अवधारणा को जिंदा रखा जा सकता है। कोर्ट ने अपने 2022 के आदेश का दायरा बढ़ाते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह निर्देश दिए थे। 21 अक्टूबर 2022 को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों को ऐसे मामलों में बिना शिकायत के केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। हरियाणा के नूंह के बाद महापंचायत में मुस्लिमों के खिलाफ अभियान के विरोध में जर्नलिस्ट शाहीन अब्दुल्ला ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कोर्ट से अपील की गई थी कि वह सरेआम नफरत भरे भाषणों पर रोक लगाने के लिए केंद्र को निर्देश दे। याचिकाकर्ता ने बताया कि किस तरह देशभर में होने वाली रैलियों में एक समुदाय के सदस्यों की हत्या की जा रही है। इसके अलावा उनका आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार किया जा रहा है।

**दिल्ली दंगा मामलें में तीन आरोपी बरी**

दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के मामले, आपराधिक साजिश और अन्य आरोपों से तीन लोगों को मुक्त करने का शुक्रवार को आदेश दिया। अपर सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने दलीलें सुनने के बाद तीनों लोगों अकील अहमद, रहीस खान और इरशाद को आरोपमुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि आदेश इसलिए पारित किया जा रहा है क्योंकि रिपोर्ट की गई घटनाओं की 'ठीक से और पूरी तरह से जांच नहीं की गई' और आरोपपत्र 'पूर्व निर्धारित, यांत्रिक और गलत तरीके से दायर किए गए, जिसके बाद केवल प्रारंभिक गलत कार्यों को छुपाने की कार्रवाई की गई।'

# कांग्रेस पार्टी में टिकिट की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया : भूपेश

**रायपुर**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा के 21 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी किए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रमन सिंह पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि लिस्ट आने पर तीन बातें सामने आई है।पहला पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा का पत्ता साफ हो गया है। दूसरा ये कि लोगों पर कहर बरपाने वाले पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को खरसिया से टिकट नहीं मिली और तीसरी चौंकाने वाली बात ये रही कि भाजपा कहती है कि परिवारवाद नहीं चलेगा लेकिन खैरागढ़ से विक्रांत सिंह को टिकिट दी गई है, जो रमन सिंह के भांजे हैं, ऐसे में अब शायद रमन सिंह और अभिषेक सिंह को टिकिट ना मिले।



■ भाजपा में परिवारवाद को लेकर कहा-भांजे को टिकिट मिलने पर रमन, अभिषेक का पत्ता साफ

**कांग्रेस में टिकिट की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया**

कांग्रेस में प्रत्याशियों के नाम जारी किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी पहली बैठक हुई है, अब 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक में आवेदन करना है, मैं भी करूंगा उसके बाद फिर जिले की बैठक होगी और फिर प्रदेश की। उन्होंने कहा कि हम लोग खुले तौर पर बात कर रहे हैं लेकिन उनके मंडल की,जिला की और प्रदेश की बैठक कब हो गई, कब अनुशंसा कर दी गई। ये किसी को पता नहीं चला।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में कम से कम प्रजातांत्रिक प्रक्रिया से जिसको आवेदन करना है, वे कर सकते हैं।

**इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले पर होगी कार्रवाई**

इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले में कथित तौर पर भाजपा नेता रामविचार नेताम का भी नाम सामने आया था, इसके बाद उन्हें टिकट दिए जाने पर भूपेश बघेल ने कहा कि उसमें बहुत सारे लोगों के नाम हैं, पैसा वसूली भी शुरू हो गयी है। मेहनतकश किसान,व्यापारी हैं और बाड़ी,सब्जी का व्यवसाय करने वालों का पैसा वहां लगा था लेकिन ये लोग वापस नहीं कर रहे थे अब हमारी सरकार ने वो पैसा जमा होने लगाया और दो किस्तों में 78 लाख रुपए वापस आ गए। जिन लोगों ने चिटफंड कंपनी में पैसा डुबोया था उसे हम वापस करने का काम कर रहे हैं। इससे जो पैसा इकट्ठा होगा, उसे हम तुरंत लौटा देंगे और कानून के दायरे में जो भी आएगा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## सार संक्षेप

### चीन के फ्रॉड को नहीं पकड़ सकी मोदी सरकार : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि चीन का एक फ्रॉड गुजरात से महज नौ दिन में 1200 करोड़ रुपए लूटकर फरार हो गया लेकिन मोदी सरकार उसका बाल भी बांका न कर सकी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि गुजरात में 'चीनी घुसपैठ' हुई है। चीन का एक नागरिक गुजरात आया और नौ दिन में लागों को 1400 करोड़ रुपए की चपत लगाकर गायब हो गया। उन्होंने कहा कि कमाल की बात यह है कि फ्रॉड की यह घाटना उस समय हुई जब खुद प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए गुजरात गये थे। प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए स्वाभाविक रूप से वहां सुरक्षा व्यवस्था उस दौर में बढ़ा दी गई होगी इसके बावजदू आखिर क्या हुआ कि 'चीनी फ्रॉड' लोगों को चूना लगाता रहा है औ गुजरात की पुलिस उस समय सोती रही।

### राज्यसभा के नौ सदस्य 21 को लेंगे शपथ

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के एस जयशंकर और तृणमूल कांग्रेस सदस्य डेरेक ओ ब्रायन सहित राज्यसभा के नौ पुनः निर्वाचित और नवनिर्वाचित सदस्य 21 अगस्त को संसद भवन के राज्यसभा कक्ष में शपथ लेंगे। जयशंकर 2019 में गुजरात से राज्यसभा के लिए चुने गए जब उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। शपथ लेने वाले सदस्यों में तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन, सुखेंदु शेखर रे, डेरेक ओ ब्रायन, प्रकाश चिक बड़ाइक और समीरुल इस्लाम शामिल हैं और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों में नागेंद्र रे, केसरीदेवसिंह दिग्विजय सिंह झाला, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई और एस जयशंकर शामिल हैं।


# कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र समिति के अकबर चेयरमैन, चौबे, डहरिया, जग्गी सहित 23 सदस्य











**रायपुर**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश चुनाव घोषणा पत्र समिति की घोषणा हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में 23 सदस्यों की घोषणा की है। इसमें मंत्री अकबर को चेयरमैन बनाया गया है। चुनाव घोषणा पत्र समिति में मो. अकबर- सभापति, सदस्य- रविंद्र चौबे, डॉ. शिव कुमार डहरिया, अमरजीत भगत, उमेश पटेल, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, धनेन्द्र साहू, फूलो देवी नेताम, शैलेश पांडे, अरुण वोरा, शिशुपाल सोरी, द्वारिकाधीश यादव, कुंवर सिंह निषाद, राजेश तिवारी, चुन्नी लाल साहू, इदरीश गांधी, हेमा देशमुख, अटल श्रीवास्तव, अजय तिर्की, राजेंद्र जग्गी, वाणी राव, शेष राज हरबंस, आकाश शर्मा शामिल है। वहीं चुनाव प्रबंधन समिति में डॉ. शिव कुमार डहरिया- अध्यक्ष, रामगोपाल अग्रवाल- संयोजक और अरुण सिंघानिया, राजेश तिवारी, गिरीश देवांगन, मलकियत सिंह गैदु, गजराज पगारिया को स्थान दिया गया है।

**धनेंद्र को डिसिप्लिनरी, ताम्रध्वज साहू को प्लानिंग की जिम्मेदारी**

डिसिप्लिनरी एक्शन कमेटी में धनेन्द्र साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। 9 सदस्यों को इसमें जगह दी गई है। वहीं प्लानिंग एंड स्ट्रैटेजी कमेटी के लिए ताम्रध्वज साहू को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। 18 कांग्रेस नेताओं के नाम सूची में शामिल हैं।

### राजनीतिक मामलों की समिति गठित, सैलजा बनाई गईं अध्यक्ष



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों को लेकर कांग्रेस में राजनीतिक मामलों की समिति गठित कर दी है।जिसमें प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा समिति की अध्यक्ष बनाई गई हैं कमेटी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ। चरणदास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत मंत्री रविंद्र चौबे, वन मंत्री मो. अकबर, श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, आदिम जाति मंत्री मोहन मरकाम, महिला-बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### बढ़ सकती हैं लालू यादव की मुश्किलें

**पटना**,18 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं। लालू यादव के लिए नई मुसीबत खड़ी करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीबीआई ने कथित चारा घोटाले से जुड़े मामलों में उन्हें दी गई जमानत को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट चारा घोटाला मामले में आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया है।शीर्ष अदालत इस याचिका पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगी।

### श्रम न्यायालय ने बिजलीकर्मियों की हड़ताल को अवैध घोषित किया

**रायपुर**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। श्रम न्यायालय रायपुर ने बिजलीकर्मियों के संगठन छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनीज अधिकारी-कर्मचारी ओपीएस बहाली संयुक्त मोर्चा की प्रस्तावित 18 अगस्त के सामूहिक अवकाश सत्याग्रह को अवैध घोषित कर दिया है। श्रम न्यायालय ने आज 17 अगस्त को जारी आदेश में कहा है कि प्रस्तावित 18 अगस्त की हड़ताल से जनहित प्रभावित होने की आशंका होने के कारण अवैध घोषित किया जाता है। कर्मचारी-अधिकारी किसी भी हड़ताल सत्याग्रह में शामिल न हों।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री एके वर्मा ने बताया कि श्रम न्यायालय क्र 01 के माननीय न्यायाधीश श्री एसएल मात्रे के कोर्ट में फेडरेशन एवं 7 कर्मचारी संगठनों के 18 अगस्त को सामूहिक अवकाश हड़ताल पर स्थगन देने की अपील की गई थी। कंपनी ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक संगठन अधिनियम 1960 की धारा 167 सहपठित धारा 64 ए तहत वाद प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी

**उप्र कांग्रेस अध्यक्ष ने किया ऐलान**

**लखनऊ**,18 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ने लग गया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को दावा किया कि पार्टी सांसद राहुल गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव अमेठी से लड़ेंगे। जब अजय राय से पूछा गया कि राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में किस सीट से चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर राहुल गांधी अमेठी सीट से चुनाव लड़ेंगे। हमारे कार्यकर्ता उनकी सफलता के लिए मर मिटेंगे। अजय राय ने कहा कि अगर प्रियंका गांधी की इच्छा हुई तो वाराणसी का एक-एक पार्टी कार्यकर्ता काम पर लगेगा। अजय राय ने इशारों ही इशारों में कह दिया है कि प्रियंका को पीएम मोदी के खिलाफ उतारा जा सकता है। उनका कहना है कि इस समय स्मृति ईरानी बौखला गई हैं। अब जनता जवाब मांगती है।




## हिमाचल प्रदेश को छत्तीसगढ़ सरकार ने 11 करोड़ सहायता राशि देने का किया ऐलान

# बारिश के चलते 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान

**हिमाचल प्रदेश में जल प्रलय के बाद राज्य आपदा घोषित**

*__शिमला__,18 अगस्त (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से भारी बारिश जारी है। इस मानसून सीजन 55 दिनों में 113 बार लैंडस्लाइड हुई। बारिश और लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 330 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच शुक्रवार को राज्य सरकार ने स्टेट डिजास्टर घोषित करने का निर्णय लिया।मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जल्द इसकी नोटिफिकेशन जारी कर दी जाएगी। स्टेट डिजास्टर घोषित होने के बाद प्रदेश में राहत एवं बचाव कार्य में तेजी आ सकेगी। सरकार ज्यादा फोकस के साथ तबाह हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर को दोबारा बनाने की दिशा में काम करेगी। इसके लिए सरकार को अतिरिक्त फंड का भी प्रावधान करना होगा।*

*छत्तीसगढ़ सरकार ने हिमाचल के लिए 11 करोड़ रुपए सहायता राशि देने का ऐलान किया है। राज्य आपदा अधिकारियों के मुताबिक, हिमाचल में इस सीजन बारिश के चलते 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उधर, उत्तराखंड के चमोली में प्राणमती नदी उफान पर है। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया है। प्रशासन ने लोगों को नदी के किनारे न जाने की अपील की है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश को 24 जून से लेकर अब तक सेवंथ 7659.93 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है. बकौल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू या नुकसान 10 हजार करोड़ रुपए के पार जाने की आशंका है। प्रदेश में 1 हजार 957 घर पूरी तरह तबाह हो चुके हैं, जबकि 9 हजार 344 घरों को आंशिक तौर पर नुकसान हुआ है। इसके अलावा 293 दुकानें और 4 हजार 072 पशु घर भी तबाह हो गए हैं। प्रदेश भर में डेढ़ महीने के छोटे से अंतराल में ही 113 भूस्खलन और 58 फ्लैश फ्लड की घटनाएं रिकॉर्ड की गई हैं. प्रदेश में अब तक 330 लोग अपनी जान गवा चुके हैं, जबकि 38 लोग अलग-अलग दुर्घटनाओं में लापता हैं. प्रदेश भर में घायलों का आंकड़ा भी 322 तक जा पहुंचा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे।*

# आंदोलन में शामिल होने रायपुर जा रहे 81 शिक्षक रेल्वे स्टेशन में गिरफ्तार






## पुलिस आरक्षक शिष्य ने गुरु को गिरफ्तार किया

## गिरफ्तारी दमनकारी कार्रवाई बताया

## अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं एलबी संवर्ग शिक्षक

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही 18 अगस्त (देशबन्धु)। अपनी मांगों को लेकर जेल भरो आंदोलन में शामिल होने के लिए रायपुर जाने के दौरान जीपीएम जिले के 81 एलबी संवर्ग शिक्षकों को पेण्ड्रा रोड रेल्वे स्टेशन से पुलिस ने गिरफ्तार कर अस्थाई रूप से बनाए गए जेल पुलिस कंट्रोल रूम में रखा और दोपहर के बाद छोड़ा। एलबी शिक्षकों ने गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन और सरकार की दमनकारी नीति बताया है। बता दें कि सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले एलबी संवर्ग शिक्षक पूर्व सेवा गणना कर वेतन विसंगति दूर करते हुए क्रमोन्नत वेतनमान और पूर्ण पेंशन की मांग को लेकर 10 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल कर रहे हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 1998 में मध्य प्रदेश से शिक्षा कर्मियों की नियमित भर्ती शुरू हुई थी। उसके बाद छत्तीसगढ़ शासन ने 1 जुलाई 2018 को शिक्षा कर्मियों का शिक्षा विभाग में संविलियन कर दिया, लेकिन वर्ष 1998 से 30 जून 2018 तक 20 वर्ष की नौकरी को शून्य घोषित कर दिया। इसके कारण अब इन शिक्षकों की 20 वर्ष की वरिष्ठता खत्म हो गई है। इससे एलबी शिक्षक वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति की समस्या पैदा होने के साथ ही भूपेश बघेल सरकार द्वारा बहाल किए गए पुरानी पेंशन योजना के लाभ से भी इनमें से अधिकतर शिक्षक वंचित हो गए हैं और 30 वर्ष की नौकरी में मिलने वाले पूर्ण पेंशन की समस्या भी पैदा हो गई है क्योंकि इनके 20 वर्ष की नौकरी को शून्य माना जा रहा है।

इसलिए ये शिक्षक 18 अगस्त को जेल भरो आंदोलन में शामिल होने रायपुर जाने के लिए निकले थे लेकिन इन्हें पुलिस ने पेण्ड्रा रोड रेल्वे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया और अस्थाई रूप से बनाए गए जेल पुलिस कंट्रोल रूम में रखा। दोपहर बाद उन्हें छोड़ दिया गया। गिरफ्तार होने वालों में प्रमुख रूप से सत्यनारायण जायसवाल, संजय नामदेव, ओमप्रकाश सोनवानी, अजय चौधरी, मीना रौतेल, वैजयंती पैकरा, किरन रघुवंशी, विद्यावती भास्कर, प्रीति गुप्ता, संजय सोनी, राजेश चौधरी, धर्मेंद्र कैवर्त, भागीरथी कैवर्त, विनय राठौर, जवाहर दरकेश, हितेश लहरे, पीयूष विश्वकर्मा, राजकुमार पटेल, सर्वेश नामदेव, परमेश्वर भास्कर, दीपचंद गुप्ता, बलराम तिवारी, प्रहलाद राठौर, तुलसी राठौर, लक्ष्मीदास मानिकपुरी, सुजीत पटेल, रमेश साहू, रमेश सिंह कंवर, बृज मोहन मिश्रा, राजीव नयन त्रिपाठी, परसराम सिंदराम, रमेश राठौर, प्रदीप पैकरा, भूषण सिंह कंवर, सरोधन सिंह पैकरा, श्रद्धा राय, पिंकी सोनी, नरेंद्र कुमार, विनोद साहू, अनिल बघेल, चंद्र निकेश पैकरा, दुर्गा प्रसाद मरावी, अमित जायसवाल, कामता प्रसाद ओट्टी, राकेश राठौर, लछनिया उद्दे, कोमल तांडिया, अमरनाथ सिंह, बिहारी उरांव, अभिजीत पाठक, इंद्रपाल सिंह, रंजीता वैश्य, गीता दुबे, धरमीन मरकाम, ओम कुमारी पोट्टाम, अनिता कंवर, अर्चना पैकरा, कृष्णा सिंह, मनीषा राठौर, सुशील जोशी, रामनारायण चौधरी, मोहन रजक, जगदीश रैदास, जोहन सिंह पैकरा, चेतन राठौर, लक्ष्मण आयाम, विधान सिंह कंवर, मेल सिंह पैकरा, सूरित राम, रतिराम भानू, आशीष साहू, गौरव तंवर, तेजेश्वर पोट्टाम, तेज सिंह पैकरा, आशा, पैकरा, खेलनवती वाकरे, सुशील नामदेव, विद्या रजक, अनीता ताम्रकार, विकास अग्रहरि, विजय साहू, प्रदीप पैकरा, डाली धुर्वे, प्रतिमा पटेल, दुलेश यादव, रामचंद्र राठौर इत्यादि शामिल थे।

### पुलिस आरक्षक शिष्य ने किया गुरु को गिरफ्तार

आंदोलन में शामिल होने रायपुर जा रहे शिक्षकों में से शिक्षक संजय नामदेव को भी पेण्ड्रा रोड रेल्वे स्टेशन से उस पुलिस आरक्षक ने गिरफ्तार किया जिसे वे पढ़ाए थे। आश्रम शाला सोनकुण्ड में नामदेव के द्वारा पढ़ाए गए स्वरूप सिंह पैकरा पुलिस आरक्षक हैं। आरक्षक पैकरा ने शासन के निर्देश पर अपन फर्ज निभाते हुए अपने शिक्षक को भी गिरफतार किया। अपनी गिरफ्तारी पर शिक्षक नामदेव ने कहा कि उन्हें अपने शिष्य पर गर्व है कि उन्होंने शासनादेश का पालन अपना फर्ज निभाया और वो एलबी शिक्षकों की मांग को लेकर हड़ताल में शामिल होकर अपना फर्ज निभा रहे हैं।

### पुलिस ने दिखाई मानवता

आंदोलन के लिए जा रहे गिरफ्तार शिक्षकों के मन में पुलिस की एक और छवि देखने को मिली जहां गिरफ्तार हुए 100 से अधिक शिक्षकों को गोरेला पुलिस ने सम्मान से पुलिस कंट्रोल रूम में बैठाया और सभी को जलपान फल का वितरण कराया, लगभग 7 घंटे पुलिस के बीच शिक्षकों ने बड़े ही आदरभाव से कंट्रोल रूम में बैठे रहे, महिला शिक्षक एवं शिक्षकों ने पुलिस के इस व्यवहार की सराहना की है

### जिलाध्यक्ष सहित अनेक शिक्षक रायपुर में गिरफ्तार, शहर से 25 किमी दूर छोड़ा

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जीपीएम जिलाध्यक्ष दिनेश राठौर, कार्यकारी जिलाध्यक्ष पीयूष गुप्ता, अमिताभ चटर्जी, महेंद्र मिश्रा, रंजीत राठौर सहित सैंकड़ों शिक्षक सड़क मार्ग से रात में ही रायपुर चले गए थे जिन्हें रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर शहर से 25 किलोमीटर दूर छोड़ दिया जिससे कि शिक्षक जेल भरो आंदोलन के लिए एकत्रित न हो पाएं।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**राजनीतिक मामलों की समिति ...**

साहू, सह-प्रभारी सचिव सप्तगिरी उल्का, चंदन यादव, विजय जांगिड़, राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय, राजेश तिवारी, पारस चोपड़ा, महिला, यूथ और एनएसयूआई अध्यक्ष शामिल हैं।

**श्रम न्यायालय ने बिजलीकर्मियों ...**

प्रस्तावित हड़ताल से विद्युत आपूर्ति बाधित होगी तथा सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा और जनसामान्य को समस्याओं से जूझना पड़ेगा। इससे अपूरणीय क्षति होने की आशंका है। श्रम न्यायालय ने मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए हड़ताल को अवैध घोषित किया है।

**इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (छ.ग.)**
**संक्षिप्त तृतीय निविदा सूचना दिनांक 17 अगस्त 2023**

विश्वविद्यालय परिसर क्र.01 एवं 02के विभिन्न संकायों एवं भवनों में लगने वाली बिजली सामग्री आवश्यकतानुसार समय–समय पर क्रय करने हेतु अलग–अलग बंद लिफाफा में निविदा कुलसचिव इ.क.सं.वि.वि.,खैरागढ़ में दिनांक 24/08/2023 समय दोपहरा 1:00 बजे तक जमा लिया जावेगा निविदा की शर्तें वि.वि. के वेबसाईड www.iksv.ac.in में उपलब्ध है।

कुलसचिव
संवाद– 38123/2

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोसरोड, कोलकाता– 700020 नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जगन कुमार पांडे/कुंज राम पांडे/एलआईजी– 257, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर छत्तीसगढ़, बिलासपुर– 495001/ LBBSR00005704490/ LBBSR00005704525 | मकान नंबर एल.आई.जी. 257, पी.एच.नं. 21/25, सेक्टर 3, मौजा मंगला, आर.एन.एम. बिलासपुर, विकासखंड बिल्हा, ग्राम पंचायत मंगला, तहसील और जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के तहत निर्मित और स्थित [कुल क्षेत्रफल 899.75 वर्ग फीट (83.620 वर्ग मीटर), निर्मित क्षेत्र 410 वर्ग फीट (38.104 वर्ग मीटर), खुली जगह 489.75 वर्ग फीट (45.516 वर्ग मीटर)] सांकेतिक कब्ज़े की तिथि– 16.08.2023 | फ़रवरी 21, 2023 रु. 14,42,340/– | बिलासपुर |
| 2. | गेलम कल्याण भास्कर/गेलम जया सुधा/एएफ/4, संजय अपार्टमेंट, व्यापार विहार, छत्तीसगढ़, बिलासपुर– 495001/ LBBSR00002901952/ LBBSR00005212599/ LBBSR00004020599/ LBBSR00005315955 | मौजा तालापारा, मोहल्ला तालापारा, पी.एच. नंबर 22, केएच नंबर 240, शीट नंबर 07, ब्लॉक नंबर 04, प्लॉट नंबर 21, खसरा नंबर 252/18, 252/20, बिल्हा, तहसील और जिला बिलासपुर, डी.एस.आर.ओ. बिलासपुर, वार्ड नंबर 12, कांतिकुमार, भारतीयनगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल 670 वर्ग फीट या 62.245 वर्ग मीटर) सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 16.08.2023 | अप्रैल 25, 2023 रु. 17,20,834/– | बिलासपुर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अगस्त 19, 2023**
**स्थान : बिलासपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू–अर्जन अधिकारी तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

भू–अर्जन प्रकरण क्रमांक 03/अ–82/ 2022–23 — तखतपुर, दिनांक
कलेक्टर अनुमोदन क्रमांक 392/ दिनांक 28.07.2022–23

प्रारूप – ''क''

राज्य शासन के कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कोटा के लिए भकुर्रा नवापारा एनिकट निर्माण में प्रभावित ग्राम समडील, प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. गनियारी, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के भूमि क्रय किया जाना प्रस्तावित है यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर आधार सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। विवरण निम्नानुसार है –

| क्र. | जिला | तहसील | प. ह. नं. | ग्राम | कृषक का नाम/ पिता का नाम | खसरा क्रमांक | क्रय किये जाने वाली भूमि का रकबा ए. | हे. | भूमि एवं परिसम्पत्ति का निर्धारित प्रतिफल | पुनर्वास अनुदान भूमि के मुआवजा का 50 प्रतिशत जो अधिकतम 5.00 लाख तक है | कुल देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिलासपुर | तखतपुर | 18 | समडील | पूरन कुमार पिता आशाराम | 1134 1135 | 0.25 | 0.101 | – | 81083 | 243114 |
| योग | – | – | – | – | – | 0.1 | 0.25 | | 0.101 | 81083 | 243114 |

**कलेक्टर महो. से अनुमोदित।**

जी–04337/1

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/ 3367 — Korba West, dtd. 17.08.2023
**e-Bidding TENDER NOTICE No. 1239/2023.**

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100033362 | Procurement of "FRP Roof Exhaust Axial Flow Fan Runner" for EMD-II, PH-I, HTPS, Korba West. | 590/- | 5,580/- | 08.09.2023 |
| 2. | Rfx No. 8100033354 | Hiring of Vehicle Car (Cat-III) for S.E. (TM-I & II), HTPS, Korba West. | 590/- | 9,400/- | 08.09.2023 |

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in–e-Bidding.2. Quantity as per tender schedule.

SUPERINTENDING ENGINEER (C-I)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P) HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

**NECC**

| 19.08.2023 | अंडा | मुर्गी | कॉकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.38 | 70 | 155 |
| चिल्हर | 5.50 | 85 | 180 |

डिलीवरी 4.53 सैकड़ा
दर्जन अंडा 66 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

**संशोधन सूचना**

दैनिक देशबंधु में छ.ग. संवाद द्वारा जारी संवाद नं. 38045/1 : रूचि की अभिव्यक्ति संशोधित सूचना दिनांक 12.08.2023 को प्रकाशित हुई है, जिसमें प्रस्ताव जमा करने की अंतिम संशोधित तिथि 24.08.2023 अपरान्ह 05:00 बजे तक छपाई में दिनांक 24.08.2023 छपा नहीं पाया है जिसे सुधार कर पढ़ा जावें

**संशोधन सूचना**

दैनिक देशबंधु में नगर पालिका परिषद् महासमुंद द्वारा जारी निविदा क्रमांक 1167 दिनांक 29.07.2023 को प्रकाशित की गई थी। जिसमें त्रुटि पूर्वक निविदा दिनांक 28.07.2023 के स्थान पर 28.02.2023 प्रकाशित हो गया है। जिसे सुधार कर 28.07.2023 पढ़ा जावें।

**न्यायालय तहसीलदार बलौदा**
**जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र....... अ–2/ 2022–23 ग्राम – पुरेना तहसील–बलौदा जिला–जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पुरेना तहसील–बलौदा जिला–जांजगीर चांपा छ.ग.में अवस्थित खसरा नं. 63/1 रकबा 0.081 हे. भूमि की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक जोगेशवरी पति कमल प्रसाद निवासी ग्राम – पुरेना ने व्यवसायिक व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का आवासीय व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 28/08/2023 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 18/08/2023 को जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार बलौदा**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना जी क्रमांक– 02003/3**

ऑनलाईन आमंत्रित तृतीय निविदा सूचना क्रमांक 09 दिनांक 04.07.2023 सिस्टम क्रमांक 140600 का समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होने के कारण निविदा सूचना निरस्त किया जाता है।

जी– 04326/2

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायगढ़ छत्तीसगढ़**

**मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नि.अ.क्र. : 392/ व.ले.लि./ का.अ./ 2023 — रायगढ़, दिनांक 16.08.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में वैध पंजीकृत फर्मों/ सामग्री/ के निर्माताओं/ अधिकृत विक्रेताओं से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :–
1. निविदा प्रपत्र क्रय करने आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : दिनांक 25.08.2023
2. प्रति कार्य अनुमानित राशि : रू. 6.93 लाख
02 कार्य विवरण :– रायगढ़ जिले के निम्नलिखित ग्रामों/ बसाहटों में स्थापित इलेक्ट्रोलिटिक फ्लोराईड रिमूव्हल संयंत्र (EDF) क्षमता 1000 लीटर प्रति घण्टा के निर्धारित शेड्युल के अनुसार 1 वर्ष के वार्षिक संचालन संधारण का कार्य एवं अन्य संबंधित कार्य।

| सक्र. | कार्य स्थल |
|---|---|
| 1 | विकासखण्ड घरघोडा में 3 कार्य – ग्राम बटूराकछार, ग्राम दनौट एवं ग्राम कया में |
| 2 | विकासखण्ड लैलूंगा में 3 कार्य – ग्राम चंवरपुर, चिराईखार–(चिराईखार), चिराईखार– (नदीडीपा) में |
| 3 | विकासखण्ड तमनार में 3 कार्य – ग्राम गारे, ग्राम मुडागॉव एवं ग्राम सराईटोला में |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकी है।

जी– 04327/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
रायगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बलौदा**
**जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र....... अ–2/ 2022–23 ग्राम – पुरेना तहसील–बलौदा जिला–जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पुरेना तहसील–बलौदा जिला–जांजगीर चांपा छ.ग.में अवस्थित खसरा नं. 63/1 रकबा 0.081 हे. भूमि की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक जोगेशवरी पति कमल प्रसाद निवासी ग्राम – पुरेना ने आवासीय व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का आवासीय व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 28/08/2023 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 18/08/2023 को जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार बलौदा**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं माहे निसार जुनजानी उर्फ़ माहे निसार पिता अनवारुल हसन जुनजानी निवासी ताराचंद मार्ग अकबरी मस्जिद के पास जुनीलाइन बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495001

यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम माहे निसार हुसैन पति सय्यद अबरार हुसैन रख ली हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम माहे निसार हुसैन पति सय्यद अबरार हुसैन से ही जाना जावे।

**माहे निसार हुसैन**
पति सय्यद अबरार हुसैन
ताराचंद मार्ग अकबरी
मस्जिद के पास,
जुनीलाइन, बिलासपुर
छत्तीसगढ़ 495001

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
मामले की श्रेणी : राजस्व

**ईश्तहार**

संदर्भ :– जिला–बिलासपुर तहसील–बिलासपुर प.ह.नं. 36 जूना बिलासपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202234001084000243

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 36 के अंतर्गत ग्राम जूना बिलासपुर के वर्तमान भूमिस्वामी आशा गजभिये पिता/ पति–स्व.दीपक गजभिये पता–सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा कमांक 723/26(0.0320), 723/27 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता शुभांशु गजभिये सुमीत गजभिये पिता स्व.दीपक गजभिये पता–विनोबा नगर के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/08/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील — **राहुल शर्मा**
**नायब तहसीलदार**
**तहसील–बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अधीक्षक भू–अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा, जिला–कोरबा (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ 3055 / अ.भू.अ. (परि.शा.)/ वाचक/ 2023 कोरबा, दिनांक 16/08/2023
रा.प्र.क्र. 871/अ–2/ 2022–23
ग्राम – पण्डरीपानी, प.ह.नं.–25
तह. – कोरबा, जिला–कोरबा (छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 871/ अ–2/ 2022–23 आवेदिका श्रीमती कुमारी बाई मंडावी पति श्री रामदास मंडावी, निवासी–ग्राम खरमोरा, तहसील व जिला– कोरबा के द्वारा ग्राम – पण्डरीपानी, प.ह.नं. 25, तहसील व जिला– कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 16/76 रकबा 0.141 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 31/08/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — अधीक्षक भू–अभिलेख परि.भू.शा.
जिला– कोरबा (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नारायण तावड़कर पिता मेहताजी तावड़कर वार्ड नं. 08 राजेन्द्र नगर, बिलासपुर (छ.ग.) अपना पुराना नाम नारायण राव तावड़कर पिता मेहताजी तावड़कर को त्याग कर नया नाम नारायण तावड़कर पिता मेहताजी तावड़कर रख लिया है अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम नारायण तावड़कर पिता मेहताजी तावड़कर के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**नारायण तावड़कर**
वार्ड नं. 08 राजेन्द्र नगर
बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुनील मसीह पिता जीवराखन मसीह निवासी म.नं. 211 सतनामी पारा सागर बिलासपुर (छ.ग.) अपना पुराना नाम सुनील एलमसीह पिता जीवराखन मसीह को त्याग कर नया नाम सुनील मसीह पिता जीवराखन मसीह रख लिया हूं अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुनील मसीह पिता जीवराखन मसीह के नाम से जाना और पहचाना जावे।

**सुनील मसीह**
म.नं. 211 सतनामी पारा
सागर बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.)संभाग बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक – 7903/ NIT– 11/ 2023–2024 / व ले लि — दिनांक: 14/08/2023

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – | 04–09–2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– | 12–09–2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि :– | 13–09–2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे से |
| कार्य की अवधि :– | 31–03–2024 वर्षा ऋतु सहित |
| निविदा प्रपत्र की कीमत :– | 750.00 रुपये |
| निविदाकारों की श्रेणी :– | ई–पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक |

| एनआईटी क्रं. निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|
| 11 T0128 | उपसंभाग मुंगेली अंतर्गत ब्लाक मुंगेली में संभावित बजट/ डिपाजिट/ एस आर/कंटीनजेंसी/ एम ओ डब्लू का विद्युतीकरण कार्य | 13.50 | 10125.00 |
| 11 T0129 | उपसंभाग मुंगेली अंतर्गत लोरमी एरिया में संभावित बजट/ डिपाजिट/ एस आर/कंटीनजेंसी/ एम ओ डब्लू का विद्युतीकरण कार्य | 11.50 | 8625.00 |
| 11 T0130 | उपसंभाग मुंगेली अंतर्गत पथरिया एरिया में संभावित बजट/ डिपाजिट/ एस आर/कंटीनजेंसी/ एम ओ डब्लू का विद्युतीकरण कार्य | 10.50 | 7875.00 |
| 11 T0131 | उपसंभाग मुंगेली अंतर्गत सरगांव एरिया में संभावित बजट/ डिपाजिट/ एस आर/कंटीनजेंसी/ एम ओ डब्लू का विद्युतीकरण कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 11 T0132 | उपसंभाग जांजगीर अंतर्गत ब्लाक नवागढ़ के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में संभावित एम ओ डब्लू, एस.आर.डिपाजिट, बजट, ए आर का विद्युतीकरण कार्य | 18.80 | 14100.00 |
| 11 T0133 | उपसंभाग जांजगीर अंतर्गत ब्लाक पामगढ़ के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में संभावित एम ओ डब्लू, एस.आर.डिपाजिट, बजट, ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 16.91 | 12682.50 |
| 11 T0134 | उपसंभाग जांजगीर अंतर्गत ब्लाक अकलतरा के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में संभावित एम ओ डब्लू, एस.आर. डिपाजिट, बजट, ए आर का विद्युतीकरण कार्य | 18.60 | 13950.00 |
| 11 T0135 | उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 5 में सीलिंग फेन, एक्जास्ट फेन, सबमर्सिबल पंप आदि का मरम्मत कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 11 T0136 | उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत व्हीआईपी एवं पुराने जस्टिस बंगला बिलासपुर में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 5.20 | 5000.00 |
| 11 T0137 | उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 5 में एरिया लाइट एवं अन्य विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 6.30 | 5000.00 |
| 11 T0138 | हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर अंतर्गत जेल प्रशासनिक भवन में संभावित विद्युतीकरण कार्य | 8.50 | 6375.00 |
| 11 T0139 | हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर अंतर्गत पुलिस लाइन स्थित आवासीय क्वार्टर में संभावित विद्युतीकरण कार्य | 7.00 | 5250.00 |
| 11 T0140 | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अंतः रोगी वार्ड में विद्युतीकरण का रेनोवेशन कार्य | 11.29 | 8467.50 |
| 11 T0141 | ब्लाक सक्ती जिला सक्ती के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में संभावित एम ओ डब्लू, एस.आर.डिपाजिट, बजट, ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 19.94 | 14955.00 |
| 11 T0142 | ब्लाक डभरा जिला सक्ती के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में संभावित एम ओ डब्लू, एस.आर.डिपाजिट, बजट, ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 19.64 | 14730.00 |
| 11 T0143 | ब्लाक मालखरौदा जिला सक्ती के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में संभावित एम ओ डब्लू, एस.आर.डिपाजिट, बजट, ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 18.80 | 14100.00 |
| 11 T0144 | ब्लाक जैजैपुर जिला सक्ती के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में संभावित एम ओ डब्लू, एस.आर.डिपाजिट, बजट, ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 18.98 | 14235.00 |
| 11 T0145 | जिला रायगढ़ के सिविल कोर्ट एवं अन्य कोर्ट भवनों में लगे एयर कंडीशनर हेतु पॉवर वायरिंग लगाने का कार्य | 8.60 | 6450.00 |

नोट – 1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक–पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा–2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा–3 को एक बड़े लिफाफा–1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./ एफ.डी.आर.) के लिफाफा के अंदर 100/– का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि के लिफाफा के अंदर 100/– का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
6. वित्तीय वर्ष 2022–23 का जीएसटी चुकता प्रमाण पत्र अनिवार्य है।
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in./pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी– 04331/2

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)**
**संभाग बिलासपुर (छ.ग.)**

# देश

उवाच

देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकार क्षेत्र का खुला उल्लंघन है, जिसका केंद्र सरकार को तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, देबरॉय द्वारा अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकार क्षेत्र का खुला उल्लंघन है:- **मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.4 | 28.2 |
| मुंबई | 31.8 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.4 | 26.4 |
| चेन्नई | 35.9 | 23.2 |

# गूगल में घोटाला सर्च करते ही आएगी शिवराज की तस्वीर: कमलनाथ

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य में तीन लाख करोड़ से ज्यादा के घोटाले होने के आरोप लगाए

**भोपाल,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस आक्रामक है और सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य में तीन लाख करोड़ से ज्यादा के घोटाले होने के आरोप लगाए हैं। कमलनाथ ने घोटाला शीट जारी की और कहा कि वह समय दूर नहीं जब गूगल पर घोटाला सर्च किया जाएगा तो शिवराज सिंह चौहान की तस्वीर सामने आएगी। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार विश्व की सबसे अधिक घोटाला करने वाली सरकार है। शिवराज जी ने अपने 18 साल के कार्यकाल में घोटाले पर घोटाले कर भ्रष्टाचार का कीर्तिमान रच दिया है।





मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस आक्रामक

शिवराज सरकार के काले कारनामों का काला चिट्ठा बहुत लंबा है, जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण महाघोटालों को शामिल कर कांग्रेस पार्टी ने शिवराज सरकार के 18 साल के कार्यकाल की घोटाला-शीट तैयार की है। इससे मध्य प्रदेश की जनता को 50 प्रतिशत कमीशनराज की तथ्यात्मक हकीकत भली-भांति समझ आ जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, पोषाहार घोटाले में शिवराज सरकार ने गर्भवती और गर्भस्थ शिशुओं के साथ भ्रष्टाचार किया। राशन घोटाले में सभी नागरिकों के भोजन में घोटाला किया। आयुष्मान घोटाले में मृतकों के नाम पर उपचार कराकर संसार से विदा हो चुके मृतकों के नाम पर भी घोटाला कर दिया। यही एक ऐसी सरकार है, जिसने सिंहस्थ और महाकाल लोक घोटाले में भ्रष्टाचार कर भगवान के साथ भी धोखा किया है। शायद इन्हीं जैसे बेईमानों के लिए यह गाना लिखा गया था, भगवान को धोखा देते हैं, इंसान को यह क्या छोड़ेंगे ?

कमलनाथ ने कहा कि नर्मदा मैया में अवैध उत्खनन कर इन्होंने मध्य प्रदेश की जीवनदायनी मां नर्मदा के साथ भी छल किया है। इन्होंने दवा और दारू दोनों में घोटाला किया है। मध्यप्रदेश में हुआ नर्सिंग कॉलेज घोटाला और 86,000 करोड़ का शराब घोटाला इसी की बानगी है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार जनमत से नहीं, बल्कि धनमत से बनी सरकार है। लोकतंत्र से घोटाला कर बनी शिवराज सरकार ने सरकारी खजाने को लूटकर घोटाला करना अपना मूल मंत्र बना लिया है। वह दिन दूर नहीं है जब आप गूगल पर घोटाला या स्कैम सर्च करोगे तो सामने शिवराज की तस्वीर आ जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार कमीशन, भ्रष्टाचार और घोटालों को अपना अधिकार समझने लगी है। इसीलिए जब एक ठेकेदार ने कमीशन राज से दुखी होकर पत्र लिखा और कांग्रेस के नेताओं ने ट्वीट किया तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बजाय शिवराज सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पूरे प्रदेश में मुकदमे दर्ज करने का अभियान शुरू कर दिया गया। लेकिन, रीवा के दूसरे ठेकेदार ने कैमरे के सामने स्वीकार किया कि गौशाला निर्माण में भी 50 प्रतिशत कमीशनराज चल रहा है, इससे पता चलता है कि शिवराज सरकार चोरी और सीनाजोरी पर उतर आई है।

मध्यप्रदेश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि शिवराज सरकार ने जो चार लाख करोड रुपए का कर्ज लिया है, वह जनता की भलाई के लिए नहीं लिया है, प्रदेश के विकास के लिए नहीं लिया है, बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए नहीं लिया है, नए मध्यप्रदेश का निर्माण करने के लिए नहीं लिया है, बल्कि सरकार का कर्ज लेने का एक ही मकसद है कि अधिक से अधिक रकम कैसे भ्रष्टाचार के माध्यम से भाजपा की जेब में डाल दी जाए।

### कांग्रेस की घोटाला शीट में लगभग तीन लाख करोड़ के घोटालों का जिक्र है

इसमें 15,000 करोड़ का पोषण आहार घोटाला, 12,000 करोड़ का मिड-डे मील घोटाला, 9,500 करोड़ का आंगनबाड़ी नल-जल घोटाला, 600 करोड़ का गणवेश घोटाला, 2,000 करोड़ का सर्व शिक्षा अभियान घोटाला, 2,000 करोड़ का व्यापम महाघोटाला, 2,000 करोड़ का नर्सिंग घोटाला, 3,000 करोड़ का कौशल घोटाला, 2,500 करोड़ का पैरामेडिकल छात्रवृत्ति घोटाला, 94,000 करोड़ का बिजली घोटाला, 10,000 करोड़ का जल जीवन मिशन घोटाला और 50,000 करोड रुपए का चेक पोस्ट घोटाला शामिल है।

# एनईपी पर डीके शिवकुमार के सवाल, भाजपा शासित राज्यों में नीति लागू क्यों नहीं हुई ?

**बेंगलुरु,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को खत्म करने पर भाजपा ने विरोध जताया है। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि एनईपी उनका (भाजपा) राजनीतिक एजेंडा था। इसे उनके शासित राज्यों में लागू नहीं किया गया है। डीके शिवकुमार ने जोर देते हुए कहा कि यह राज्य का विषय है, राष्ट्रीय विषय नहीं। पत्रकारों से बात करते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि एनईपी लागू करना भाजपा का निर्णय था। हम शुरू से कह रहे हैं कि हम इस पर पुनर्विचार करेंगे। बिना बुनियादी ढांचा तैयार किए, इसे जल्दबाजी में लागू किया गया। शिवकुमार ने सवाल पूछा कि एनईपी को मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और गुजरात में क्यों लागू नहीं किया गया... जहां भाजपा सत्ता में है? डीके शिवकुमार के मुताबिक हमारे लोगों के बीच एक चिंता है। पूरी दुनिया ने बेंगलुरु को आईटी राजधानी, सिलिकॉन वैली, स्टार्टअप हब और मेडिकल हब के रूप में स्वीकार किया है। इसका कारण प्राथमिक से लेकर स्नातकोत्तर तक की हमारी शिक्षा का स्तर है। एनईपी आवश्यक नहीं था। यदि एनईपी में अच्छे पहलू हैं, तो उन पर पुनर्विचार किया जाएगा। डीके शिवकुमार के मुताबिक एनईपी में जो भी अच्छा है, उस पर निश्चित रूप से गौर किया जाएगा। एनईपी एक राजनीतिक एजेंडा है। यह नागपुर शिक्षा नीति है। समिति के सदस्यों ने बताया है कि उन्हें अवधारणा समझ में नहीं आई। उनसे सिर्फ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया। उन्होंने आगे कहा कि जब एनईपी लागू किया गया था तो हमने कहा था, इसे संशोधित किया जाएगा और एक राज्य नीति बनाई जाएगी।



कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को खत्म करने पर भाजपा ने विरोध जताया

### बीजेपी में शामिल हुए नेताओं की 'घर वापसी' पर कहा, 'राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं'

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा है कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं है। एक सवाल का जवाब देते हुए कि क्या कांग्रेस पार्टी छोड़ने वाले नेताओं के लिए दरवाजे फिर से खुलेंगे, शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं है। हालांकि, उन्होंने भाजपा नेताओं को पार्टी में वापस लाने के लिए उनके साथ बातचीत करने की अफवाहों को खारिज कर दिया। जद (एस) के 13 विधायकों से संपर्क किए जाने के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, 'कर्नाटक के सभी 224 विधायक मुझे जानते हैं। अगर राजनीतिक नहीं तो व्यक्तिगत रिश्ते तो उनके साथ हैं ही।' उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि बीजेपी क्या कर रही है और वे किसके साथ बातचीत कर रहे हैं। मीडिया उस मोर्चे पर शांत है। हमारी सरकार अस्तित्व में है। भाजपा ने कड़ी मेहनत से जो सबक सीखा, वह आज भी याद है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गोवा की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगी

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अगस्त से गोवा की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगी। इस दौरान उनके कई कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के पहले दिन वह पणजी के आज़ाद मैदान में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगी। शाम को राष्ट्रपति उनके सम्मान में राज्य सरकार द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 अगस्त को डोना पाउला के राजभवन के दरबार हॉल में गोवा विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी और कमजोर जनजातीय समूह के साथ भी बातचीत करेंगी। बाद में शाम को वह विधानसभा परिसर, पोरवोरिम में गोवा विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करेंगी।

### आंध्र सीएम ने हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेशकों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि उनकी सरकार हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेशकों को हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार आंध्र प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मैप पर लाने के लिए प्रसिद्ध होटल ब्रांडों को आकर्षित करने के लिए एक फ्लेक्सिबल पर्यटन नीति लागू कर रही है। मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को यहां 4 स्टार होटल हयात प्लेस के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए यह बयान दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार आतिथ्य क्षेत्र में निवेशकों को प्रोत्साहित करने और उन्हें पूरा समर्थन देने के लिए तैयार है।

### तेलंगाना कांग्रेस को टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मिलना शुरू

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मिलना शुरू हो गया है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि आवेदन 18 अगस्त (शुक्रवार) से 25 अगस्त तक प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन प्राप्त होने और उनकी जांच के बाद पार्टी योग्य उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं के बारे में एक सर्वेक्षण कराएगी। राज्य चुनाव समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों के नाम स्क्रीनिंग कमेटी को भेजे जाएंगे। स्क्रीनिंग कमेटी सूची का विश्लेषण करेगी और फ़िल्टर करने के बाद चयनित नामों को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति को भेजेगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य पीड़िता की याचिका पर मणिपुर सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक और चौंकाने वाली घटना पर मणिपुर सरकार से जवाब मांगा, जिसमें एक महिला ने दावा किया कि राज्य में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भीड़ ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसका जुलूस निकाला, लेकिन पुलिस उसकी मदद के लिए नहीं आई। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मणिपुर सरकार को नोटिस जारी किया और मामले को मुख्य मामले के साथ 13 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। वकील अमृता सरकार के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया कि भीड़ में शामिल महिलाओं ने पीड़िता के एक साल के बच्चे को भी मारा। हमले के कारण उसके हाथों में फ्रैक्चर हो गया और सिर पर गंभीर चोटें आईं। याचिका में कहा गया है, भीड़ ने याचिकाकर्ता नंबर-2 के कपड़े फाड़ दिए और उसे इम्फाल में डिप्टी कमिश्नर भवन तक परेड करने के लिए मजबूर किया गया, जहां पुलिस खड़ी थी लेकिन कोई उसकी मदद के लिए नहीं आया।'

**सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक और चौंकाने वाली घटना पर मणिपुर सरकार से जवाब मांगा, जिसमें एक महिला ने दावा किया कि राज्य में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भीड़ ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसका जुलूस निकाला**



याचिका में एक अन्य मामले में राज्य पुलिस द्वारा निष्क्रियता का भी आरोप लगाया गया, जहां एक महिला सहित दो लोगों को मेइती समुदाय की भीड़' ने पीट-पीटकर मार डाला था। याचिका में कहा गया है, 'याचिकाकर्ता नंबर-1 के पिता ने उक्त घटना के संबंध में 20 मई 2023 को प्राथमिकी दर्ज की है। हालाँकि, आज तक प्रतिवादी (मणिपुर राज्य) द्वारा ऐसे कट्टरपंथी मेइती समूहों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों के जेनेरिक दवा न लिखने संबंधी याचिका पर केंद्र, राज्यों से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका पर केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया जिसमें जेनेरिक दवाएं न लिखने वाले डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले में केंद्र, सभी राज्य सरकारों, एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड और अन्य से जवाब मांगा है।

### बिहार में जाति-आधारित जनगणना के प्रकाशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को जाति-आधारित सर्वेक्षण के नतीजे प्रकाशित करने से रोकने के लिए अंतरिम निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने कहा, 'जब तक प्रथम दृष्टया कोई मजबूत मामला न हो, हम किसी भी चीज़ पर रोक नहीं लगाएंगे।' उन्होंने उन याचिकाकर्ताओं को धन्यवाद दिया, जिन्होंने बिहार में जाति-आधारित सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। विशेष रूप से, बिहार में जाति-आधारित सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और इसके नतीजे जल्द ही सार्वजनिक डोमेन में आने की उम्मीद है। याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सी.एस. वैद्यनाथन ने कहा कि सर्वेक्षण शुरू करने के लिए राज्य विधानमंडल द्वारा कोई कानून पारित नहीं किया गया था और प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा एक कार्यकारी अधिसूचना के आधार पर शुरू हुई।

### लालू की जमानत को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** करोड़ों रुपए के चारा घोटाले के सिलसिले में झारखंड हाई कोर्ट द्वारा राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को दी गई जमानत को रद्द करने की सीबीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शीघ्र सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, इस मामले पर अगले शुक्रवार यानि 25 अगस्त को सुनवाई होने की संभावना है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की पीठ के सामने मामले का उल्लेख किया और जमानत रद्द करने की याचिका को तत्काल सुनवाई करने की मांग की। पिछले साल अप्रैल में, झारखंड उच्च न्यायालय ने डोरंडा कोषागार से 139.5 करोड़ की निकासी से संबंधित पांचवें चारा घोटाला में लालू प्रसाद को जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने दुमका और चाईबासा कोषागार से फर्जी तरीके से धन निकासी के मामले में 17 अप्रैल, 2021 और 9 अक्टूबर, 2020 को जमानत आदेशों को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर पहले ही नोटिस जारी कर दिया था।

## पंचायतें भारत के लोकतंत्र के स्तंभ हैं: पीएम मोदी

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पंचायतें भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के स्तंभ हैं। दमन और दीव में एक पंचायती राज समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्यों को लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए और जिलों के विकास में योगदान देना चाहिए और लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'पंचायतें हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के स्तंभ हैं। आपको (जिला पंचायत सदस्यों को) आम आदमी की समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करना चाहिए। आपको अपने-अपने राज्यों में लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए काम करना चाहिए और योगदान देना चाहिए। पंचायत सदस्यों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके क्षेत्र के छात्र 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कैसे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं।' मोदी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा सामूहिकता, संगठन और समर्पण के मूल्यों में विश्वास करती है।



## भाजपा गठबंधन को धूल चटायेगा इंडिया गठबंधन: अखिलेश

**फतेहपुर,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आज यहां चिंतन शिविर के समापन के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को धूल चटायेगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और सूबे के मुख्यमंत्री को जनता मंहगाई बेरोजगारी अपराध मंहगी शिक्षा का जवाब अपने वोटों से देगी। भाजपाई सत्ता के मद में इतना चूर हैं कि उन्हें गांव की गरीबी और बदहाली नजर नहीं आती है। सूबे में छुटटा साड़ों का आंतक देखते बनता है। दो दिवसीय सपा के चिंतन शिविर के समापन के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा को कैसे हराना है यह इंडिया गठबंधन के पास सूत्र हैं। और उन्हीं सूत्रों से भाजपा को जवाब दिया जायेगा। लोक जागरण अभियान शिविर में कार्यकर्ताओं को उन्होंने नये अदांज में संदेश दिया और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 'करो और मरो' की नीति से लड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट को आखिर पत्रकारों ने अब तक क्यो उजागर नहीं किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के मनमाने रवैये और पत्रकारों की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने भाईचारे को जिस तरह से चोट पहुंचायी है उससे पूरा हिन्दुस्तान की जनता बाखूबी देख रही है। इससे पहले कभी भी हिन्दू मुस्लिम सिक्ख इसाई के बीच में इस तरह की खाई कभी नहीं पैदा की गयी। देश के प्रधानमंत्री ने इस बार लाल किले से जो दावा किया है। अगली बार फिर मैं यहां से झंडारोहण करूंगा पूर्णतया धोखा है।



## बिहार में पत्रकार की हत्या पर नीतीश ने जताया दुख

**पटना,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के अररिया के रानीगंज में शुक्रवार की सुबह अपराधियों द्वारा एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार की हत्या पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख जताया है। उन्होंने इस मामले में जिले के अधिकारियों से बात कर कारवाई का भी निर्देश दिया है। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए नीतीश कुमार ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि इस मामले में अधिकारियों से बात की है। उन्हें कार्रवाई का निर्देश दिया है। हमको दुख हुआ है। दुख की बात है, यह तो दिख रहा है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही हमने तुरंत अधिकारियों को कह दिया है कि क्या हुआ है जी, इस तरह से हुआ है। हमको बड़ा दुख हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि इस घटना की जानकारी मिलने पर हमको लगा कि कैसे किसी पत्रकार के साथ ऐसा हुआ। हमने तुरंत अधिकारियों को कहा कि इसको देखिए। इससे पहले शुक्रवार की सुबह रानीगंज के प्रेम नगर स्थित आवास से पत्रकार विमल कुमार को अपराधियों ने घर से बुलाया। जैसे ही वे दरवाजा खोलकर बाहर निकलने वाले थे, वैसे ही अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



### एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच ने जारी कि रिपोर्ट

# राज्यसभा के 225 सांसदों में से 75 पर आपराधिक आरोप

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। मौजूदा 225 राज्यसभा सांसदों में से 75 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, इनमें से चार पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। शुक्रवार को एक नई रिपोर्ट से यह पता चला। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसने 233 राज्यसभा सांसदों में से 225 की आपराधिक पृष्ठभूमि के विवरण का विश्लेषण किया है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा राज्यसभा में एक सीट खाली है, जबकि तीन सांसदों का विश्लेषण नहीं किया गया है, क्योंकि उनके हलफनामे अनुपलब्ध हैं और जम्मू-कश्मीर की चार सीटें अपरिभाषित हैं। 'विश्लेषण किए गए 225 राज्यसभा सांसदों में से 75, यानी 33 प्रतिशत सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।' इसमें कहा गया है कि 41 यानी 18 फीसदी राज्यसभा सांसदों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि दो सांसदों ने हत्या (आईपीसी धारा 302) से संबंधित मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि चार सांसदों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है। 'चार सांसदों में से, के.सी. वेणुगोपाल, राजस्थान ने बलात्कार (आईपीसी धारा-376) से संबंधित मामला घोषित किया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि चार मौजूदा सांसदों ने हत्या के प्रयास (आईपीसी धारा 307) से संबंधित मामलों की घोषणा की है। इसमें आगे कहा गया है कि भाजपा के 85 राज्यसभा सांसदों में से 23 (जो कि 27 प्रतिशत), कांग्रेस के 30 में से 12 (40 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 13 में से चार (31 प्रतिशत), राजद के छह में से पांच (83 प्रतिशत), राजद के छह में से चार (80 प्रतिशत), सीपीआई (एम) के पांच में से चार (80 प्रतिशत), आप के 10 में से तीन (30 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के नौ में से तीन (33 प्रतिशत) और एनसीपी के तीन में से दो (67 प्रतिशत) ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए



- मौजूदा 225 राज्यसभा सांसदों में से 75 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए
- इनमें से चार पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप
- महाराष्ट, में आपराधिक मामलों वाले राज्यसभा सांसदों की संख्या सबसे अधिक

### राज्यसभा के 225 सांसदों में 27 अरबपति

- अरबपति राज्यसभा सांसदों में से छह भाजपा से

नई दिल्ली। मौजूदा 225 राज्यसभा सांसदों में से 27 अरबपति हैं, जिनमें से छह भाजपा से हैं। शुक्रवार को सामने आई एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्यसभा सांसदों की औसत संपत्ति 80.93 करोड़ रुपये है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसने 233 राज्यसभा सांसदों में से 225 की आपराधिक पृष्ठभूमि के विवरण का विश्लेषण किया है। भाजपा के 85 राज्यसभा सांसदों में से छह (7 प्रतिशत) अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 राज्यसभा सांसदों में से चार (13 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नौ राज्यसभा सांसदों में से चार (44 प्रतिशत), आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से तीन (30 प्रतिशत), टीआरएस के सात राज्यसभा सांसदों में से तीन (43 प्रतिशत), और राजद के छह राज्यसभा सांसदों में से दो (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति की घोषणा है। इसमें आगे कहा गया कि 100 करोड़ रुपए की संपत्ति वाले सबसे ज्यादा सांसद आंध्र प्रदेश में हैं, उसके बाद तेलंगाना और महाराष्ट्र हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'आंध्र प्रदेश के 11 सांसदों में से पांच (45 प्रतिशत), तेलंगाना के सात सांसदों में से तीन (43 प्रतिशत), महाराष्ट्र के 19 सांसदों में से तीन (16 प्रतिशत), दिल्ली के तीन सांसदों में से एक (33 प्रतिशत), पंजाब के सात सांसदों में से दो (29 प्रतिशत), हरियाणा के पांच सांसदों में से एक (20 प्रतिशत), और मध्य प्रदेश के 11 सांसदों में से दो (18 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि राज्यसभा के मौजूदा सांसदों की औसत संपत्ति 80.93 करोड़ रुपए है।

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
शनिवार 19 अगस्त 2023

उल्टा पुल्टा

अफसर- तुमने शेर के पिंजरे को ताला क्यों नहीं लगाया?

कर्मचारी- क्या जरूरत है, इतने खतरनाक जानवर को भला कौन चुराएगा?

# नॉन इंटरलॉकिंग के लिए 24 ट्रेनें फिर रद्द

## 4 ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेगी, यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री हलाकान

### भुवनेश्वर-संबलपुर रेल मंडल में नॉन लंटरलाकिंग का कार्य



**बिलासपुर,**18 अगस्त ( देशबन्धु) । रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास ईस्ट कोस्ट रेलवे के भुवनेश्वर- मंचेश्वर रेलवे स्टेशनों के बीच एवं हरिदासपुर-धानमन्डल रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य के लिए नॉन इंटर लोकिंग का कार्य किया जाएगा । यह कार्य 17 से 29 अगस्त (13 दिन) तक किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है।

### रद्द होने वाली गाडियां

20 अगस्त को कुर्ला से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12145 कुर्ला-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 22 अगस्त को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12146 पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 23, 26 एवं 30 अगस्त को कुर्ला से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12879 कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 21, 24 एवं 28 अगस्त को भुवनेश्वर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12880 भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 18 एवं 25 अगस्त को गाधीधाम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12993 गाधीधामङ्कपूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 21 एवं 28 अगस्त को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12994 पूरी- गाधीधाम एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 20 एवं 27 अगस्त को बीकानेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 23 एवं 30 अगस्त को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20472 पूरी-बीकानेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 26 अगस्त को जोधपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 23 अगस्त को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20813 पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 17, 22, 24 एवं 29 अगस्त को अजमेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20824 अजमेरङ्कपूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 17, 21, 24 एवं 28 अगस्त को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20823 पूरी-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 20 एवं 27 अगस्त को साई नगरसिड़ी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20858 साईनगर सिड़ी-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 18 एवं 25 अगस्त को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20857 पूरी-साईनगर सिड़ी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 22 अगस्त को इंदौर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 24 अगस्त को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20918 पूरी-इंदौर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 24 अगस्त को कुर्ला से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22865 कुर्ला-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 22 अगस्त को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22866 पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 24 अगस्त को बलसाड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22909 बलसाड-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 27 अगस्त को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22910 पूरी-बलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां

16, 19, 20, 23 एवं 26 अगस्त को अमृतसर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापटनम हीरा कुंड परिवर्तित मार्ग संबलपुर-टिटलागढ़-रायगड़ाङ्कविजय नगरम होकर चलेगी । 18, 19, 22, 25, 26 एवं 29 अगस्त को विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम-रायगड़ा-टिटलागढ़-संबलपुर होकर चलेगी ।

### संबलपुर रेलमंडल में दोहरीकरण

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के संबलपुर-अंगुल सेक्शन में रेलवे दोहरीकरण का कार्य किया जाएगा । यह कार्य दिनांक 19 से 23 अगस्त, 2023 (05 दिन) तक किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है।

### रद्द होने वाली गाडियां

18 से 23 अगस्त तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08264 बिलासपुर-टिटलागढ़ पेसेजर स्पेशल रद्द रहेगी । 18 से 23 अगस्त तक टिटलागढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08277 टिटलागढ़-रायपुर पेसेजर स्पेशल रद्द रहेगी । 19 से 24 अगस्त तक टिटलागढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08263 टिटलागढ़-बिलासपुर पेसेजर स्पेशल रद्द रहेगी । 19 से 24 अगस्त तक रायपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08278 रायपुर- टिटलागढ़ पेसेजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

### परिवर्तित मार्ग चलाने वाली गाडियां

19 अगस्त को कुर्ला से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12879 कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सरला रोड- संबलपुर सिटी होकर चलेगी । 19 अगस्त को जोधपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संबलपुर सिटी- सरला रोड होकर चलेगी ।



# राज्य मानसिक चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा

### मरीजों के बेहतर इलाज के निर्देश

**बिलासपुर,** 18 अगस्त ( देशबन्धु) । कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज सेंदरी स्थित राज्य मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। अस्पताल में फिलहाल लगभग 133 मानसिक रोगियों का इलाज किया जा रहा है और ओपीडी में पूरे प्रदेश भर से प्रतिदिन 100 से ज्यादा मरीज इलाज एवं परामर्श के लिए आते हैं। कलेक्टर ने चिकित्सालय के महिला वार्ड, पुरूष वार्ड एवं पुनर्वास वार्ड का अवलोकन कर मानसिक रोगियों के बारे में जानकारी लेते हुए उनके लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर ने चिकित्सकों से मरीज़ों को बेहतर इलाज के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दवाई काउंटर में जाकर दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली और फायर सेफ्टी यंत्रों के स्थिति को भी देखा। इसके अलावा उन्होंने रसोईघर का अवलोकन करते हुए मरीजों को दी जाने वाली भोजन की जानकारी ली। उन्होंने वार्डों में इलाज करा रहे मरीजों एवं परिजनों से भी मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने मरीज के परिजनों के लिए बन रहे परिजन कक्ष का भी निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। इस दौरान मानसिक चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. बी. आर. नंदा, सीएमएचओ डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. जे. पी. आर्य, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष तिवारी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### बढ़ता कारवां मोटर गैरेज संघ के अध्यक्ष ने थामा आप का दामन



**बिलासपुर,** 18 अगस्त ( देशबन्धु)। बिलासपुर शहर की जानी-मानी नेत्री आम आदमी पार्टी की प्रदेश संयुक्त सचिव उज्वला कराड़े की अगुवाई में आज मोटर गैरेज संघ के अध्यक्ष बाबा खान ने आप का दामन थाम लिया। बता दें कि इसके कुछ दिन पूर्व ही नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रकाश हेनरी जी उनकी पत्नी अर्चना हेनरी जी को भी डॉ. उज्वला कराडे ने आम आदमी पार्टी में शामिल किया है। आज आम आदमी पार्टी में शमिल होने के दौरान बाबा खान ने कहा आज आम आदमी पार्टी बेहतर विकल्प है जो मुद्दों की राजनीति करती है इसलिए वो बेहतर विकल्प के लिए आप में शामिल होकर प्रदेश में आप की सरकार बनाने के लिए काम करेगी. उन्होंने आप के सभी पदाधिकारियों का आप पार्टी में शामिल करने के लिए उनका शुक्रिया किया इस दौरान डॉ.उज्वला कराड़े ने कहा कि जो लोग वाकई जनता के हित में काम करना चाहते हैं वे दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य समेत तमाम क्षेत्रों में किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यों से खुश होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं. जो लोग दिल्ली और पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ में भी बदलाव चाहते हैं और छत्तीसगढ़ से भ्रष्टाचार खत्म करना चाहते हैं, वह अरविंद केजरीवाल की सरकार के नेतृत्व में काम करने की इच्छा रखते हैं।

### स्कूली बच्चों ने सैनिकों के लिए भेजी राखी



**बिलासपुर,**18 अगस्त ( देशबन्धु) । लर्नर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल बिलासपुर बच्चों के द्वारा ज़िला सैनिक कल्याण बोर्ड ऑफिस जाकर हाथ से बनी हुई 650 राखियाँ सैनिक भाईयों के लिए कर्नल आशीष पांडे को सौंपी गयी। ये राखियाँ छोटे छोटे बच्चों के द्वारा बनाई गयी है। पिछले कई वर्षों से लर्नर्स के बच्चे अपने हाथों से इलायची,लौंग,चावल,साबूदाना आदि से राखियाँ बनाकर लेह लद्दाख में तैनात जाबांज के लिए भेज रहे हैं। आज लर्नर्स स्कूल के बच्चों ने स्वयं सैनिक कल्याण बोर्ड जाकर यह राखी कर्नल आशीष पांडे सर को दी द्यशाला प्राचार्या निवेदिता शोम और टीचर्स ने हमारे सैनिक भाइयों के लिए रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दी है।

### आज और कल मतदान केंद्रों में विशेष शिविर

**बिलासपुर,** 18 अगस्त ( देशबन्धु) । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 19 एवं 20 अगस्त को अवकाश के दिनों में भी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर लगाये जायेंगे। शिविर में बी एल ओ के माध्यम से नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम, पता, स्थान की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाया जा सकता है। नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने, आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ने और दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाने के लिए आवदेन किये जा सकते है।

# मवेशियों को सड़कों पर आने से रोकने ग्राम सभाओं में भी होगी चर्चा

### निर्णयों की वीडियो रिकार्डिंग मोबाइल एप्प पर अपलोड

**बिलासपुर,**18 अगस्त ( देशबन्धु) । जिले में आगामी 20 अगस्त से सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमे ग्राम विकास योजना निर्माण के साथ-साथ इस बार ग्राम सभाओं में मवेशियों को सड़कों पर आने से रोकने के लिए मवेशियों से हो रही सड़क दुर्घटनाओं और जान- माल के नुकसान को रोकने के उपायों पर भी प्रभावी चर्चा होगी।

ग्रामीणों के बीच मवेशियों को सड़कों पर नहीं आने देने के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ संकल्प भी ग्राम सभाओं में पारित किए जाएंगे। इस बार ग्राम सभाओं में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग भी की जाएगी और उसे ग्राम सभा निर्णय मोबाईल एप्प पर अपलोड किया जाएगा। ग्राम सभा की गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा।

कलेक्टर संजीव झा ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आगामी 20 अगस्त से सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए है। ज्ञात हो कि छत्ती सगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा -6 में ग्रामसभा का प्रत्येक तीन मास में कम से कम एक सम्मलेन आयोजित करने का प्रावधान है।

ग्राम सभाओं की बैठक में ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन पिछली छमाही में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम . प्राप्त राशि स्वीकृत राशि व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन, पेसा नियम 2022 पर चर्चा तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थान के मापदण्डो पर चर्चा ग्राम पंचायत योजना हेतु निर्मित कार्य योजना का वाचन ग्राम गौठान प्रबंधन के संचालन पर चर्चा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना से संबंधित जिलों की ग्राम पंचायतों में रोजगार गारंटी योजना में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

### योग शिविर में पुलिसकर्मी हो रहे शामिल

**बिलासपुर,**18 अगस्त ( देशबन्धु) । निजात अभियान के तहत् ज़िला पुलिस बिलासपुर द्वारा योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जयसवाल, राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन, डीएसपी लाइन श्रीमति मंजुलता केरकेट्टा के नेतृत्व में पुलिस लाइन बिलासपुर बिलासगुड़ी में सुबह 6ः30-7ः30 तक योगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमें मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए पुलिस परिवार, पुलिस स्टाफ, सीएएफ,रेडियो, एम टी वर्कशॉप के महिला बच्चे और अधिकारी कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। जिसमें प्रशिक्षित योग गुरु अंकित, नीलम भंडारी, आरक्षक अरुण कुमार के माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित हो रही है। प्रतिदिन सुबह 6ः30-7ः30 तक पुलिस लाइन मीटिंग हॉल में शामिल होकर योगशिविर का लाभ ले सकते है निजात अभियान के तहत् पुलिस परिवार और स्टाफ के लिए जो अवैध नशा ड्रग्स नारकोटिक्स के लत का त्याग कर बेहतर जीवन यापन करना चाहते हैं और उनसे जुड़े लोग जो दूसरो को इनसे बचने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाये रख कर अपने दैनिक कर्तव्य और दैनिक जीवन बेहतर करने हेतु यह प्रयास किया गया जिसका लाभ सभी अधिकारी कर्मचारी और इनके परिवार के सदस्य उठा सकते है।

# डीपी लॉ कॉलेज को ऑटोनॉमस घोषित करने आशीर्वाद पैनल ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर,** 18 अगस्त ( देशबन्धु)। डीपी लॉ कॉलेज को ऑटोनॉमस करने की मांग को लेकर आज आशीर्वाद पैनल के छात्रों ने विधायक शैलेष पांडे से मुलाकात की। छात्रों ने बताया कि डी0पी0 विप्र महाविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा दो बार ए ग्रेड प्राप्त है।



भारत शासन के राज्य पत्र के अनुसार हमारा महाविद्यालय स्वशासी के मापदंड में खरा उतरा है परंतु अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आज दिनांक तक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान नहीं किया गया है जिसके कारण स्वशासी महाविद्यालय के गठन में विलंब हो रहा है आप नगर के विधायक एवं कार्य परिषद के सदस्य भी हैं तथा हमारा महाविद्यालय आपके विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है जो शिक्षा के विकास में मील का पत्थर साबित होगा ।अतः आपसे निवेदन है कि हमारी उक्त मांगों को तत्काल पूरा करें अन्यथा महाविद्यालय के छात्र आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जिस पर नगर विधायक एवं कार्य परिषद के सदस्य शैलेश पांडे के द्वारा छात्र हित को सर्वोपरि रखकर सकारात्मक फैसला लेने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के छात्र संघ सचिव मनीष मिश्रा, निखिल सिंह, शुभ उपाध्याय, हर्षवर्धन, हेमराज शर्मा, मुकेश, सानू, तानिया, लक्ष्मी, अनुराग, अभिजीत, संतोष,ओमकार, आशीष भलावी, अभय, सनी, अनीश, आदेश, दीप, राज एवं अन्य विद्यार्थी शामिल रहे।

# रैली में खुली जीप पर चढ़कर लहराया चाकू

## गैंगस्टर गदर नाम से आइडी बनाकर किया प्रसारित, पुलिस ने सिखाया सबक

**बिलासपुर,**18 अगस्त (देशबन्धु) । रैली के दौरान युवकों ने गाड़ी के ऊपर चढ़कर चाकू लहराया। इसका वीडियो में इंटरनेट मीडिया में गैंगस्टर गदर आईडी में वीडियो प्रसारित किया। वीडियो के आधार पर पुलिस ने युवकों को हिरासत में लिया। माफी मंगवाते हुए युवकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।



15 अगस्त को मगरपारा निवासी मानस मेश्राम (22) नामक युवक अपने साथियों के साथ रैली निकाल रहा था ।उसने रैली में जमकर चाकू लहराया और आसपास के क्षेत्र में अपनी धौंस जमाता रहा। वह इतने में भी नहीं माना और चाकू लहराने वाले वीडियो को खुद के ही इंटरनेट मीडिया अकाउंट से वायरल कर दिया, जो पुलिस तक जा पहुंचा। इस दौरान पुलिस को उसके इंस्टाग्राम की आईडी भी मिली, जो कि गैंगस्टर गदर के नाम से चल रही थी ।पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और उसे पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने उससे कान पकड़कर पहले माफी मंगवाई और फिर उसकी आईडी नाम को बदलवाया। साथ ही पुलिस की माने तो उस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। वीडियो में हंसता रहा युवक पुलिस ने युवक मानस मेश्राम का एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह पुलिस के सामने अपनी गलतियों की माफी मांगते हुए कान पकड़कर उठक-बैठक कर रहा है। लेकिन, उसके चेहरे पर कहीं भी अपनी गलती के लिए पछतावे के भाव नजर नहीं आ रहे थे।

इतना ही नहीं, वह हंसता-मुस्कुराता नजर आया। उसकी गतिविधि को देख आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसे पुलिस की इस कार्रवाई से कोई फर्क नहीं पड़ता दिख रहा था।

# क्षेत्र का विकास व समस्याओं का हल ही मेरी प्राथमिकता- अरुण



### जिला पंचायत अध्यक्ष, सभापति ने किया ग्राम कछार में 12 लाख की सीसी रोड का भूमिपूजन

**बिलासपुर,**18 अगस्त ( देशबन्धु) । कछार पंचायत के आश्रित ग्राम अमतरा में जिला पंचायत अध्यक्ष,अरूण सिंह,सभापति अंकित गौरहा,जिला पंचायत सदस्य गोदावरीबाई कमलसेन ने विधि विधान से पूजा पाठ कर सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। गरिमामय कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी और गणमान्य लोगों ने शिरकत किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आवागमन की सुविधा ना केवल सहज होगी बल्कि पहुंच मार्ग का विस्तार भी होगा और बिलासपुर जिला पंचायत क्षेत्र का विकास व समस्याओं का हल ही मेरी पहली प्राथमिकता है ।कछार ग्राम पंचायत स्थित अमतरा में विधि विधान से भूमि पूजन कर जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह, सभापति अंकित गौरहा ने सड़क निर्माण का पहला फावड़ा चलाया। जिला पंचायत सभापति गौरहा ने बताया कि ग्राम पंचायत कछार में पांच 12 लाख की लागत से 500 मीटर लम्बी सीसी सड़क निर्माण को पूरा किया जाएगा। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों को हर मौसम में आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। गौरहा ने बताया कि भूमिपूजन के साथ ही ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग आज जिला पंचायत अध्यक्ष और हम सभी ने पुरा करने का प्रयास किया ।सरकार गांव गरीबों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं के विकास में किसी भी सूरत में राशि की कमी नहीं आएगी। सी.सी.रोड निर्माण कार्य भूमिपूजन के दौरान राजेंद्र साहू,जिला पंचायत सदस्य गोदावरी बाई कमलसेन,सरपंच त्रिवेणी सुंदर मरकाम,युवा कांग्रेस के उपाध्यक्षा सचिन धीवर,उपसरपंच अंकित बघेल,अजय सिंह,शिव निर्मलकर विशेष रूप से उपस्थित रहें।

## सार-संक्षेप

### डीएसपीएम में शान से लहराया तिरंगा




**कोरबा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में स्वतंत्रता दिवस शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मुख्य अभियंता (उत्पादन) के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास से मनाया गया। संजीव कंसल की अध्यक्षता एवं श्रीमती राजेश्वरी रावत, बीपी पाटले अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं एवं प्रेरणा महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती अल्का शर्मा, उपाध्यक्षा श्रीमती प्रियंका पाटले, अल्का कंसल, मालती जोशी, विभा करनाल, सचिव अनिता टंण्डन, सह-सचिव रंजिता कश्यप, सांस्कृतिक सचिव हेमलता गुरूपंच, सुनिता शर्मा एवं प्रेरणा महिला मण्डल के पदाधिकारी का भी आतिथ्य रहा।

मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान के पश्चात् राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने राजकीय गीत एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने सुरक्षा सैनिकों की परेड का निरीक्षण किया गया व गुब्बारे छोड़े। इस अवसर पर मुख्यालय की अनुशंसा पर गोवर्धन सिदार मुख्य रसायनज्ञ एवं विभांशु सन्नी सिंह अधीक्षण अभियंता को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह् से सम्मानित किया गया। 45 अधिकारियों/कर्मचारियों व 43 ठेका कर्मियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह के साथ समृद्धि प्रोत्साहन से सम्मानित किया गया। दो कर्मियों को संरक्षा जागरूकता आवार्ड से भी सम्मानित किया गया साथ ही दो कर्मचारी खिलाडियों को लाइफ टाईम अचिवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। विभागीय तौर पर संयंत्र के 10 समूहों को ग्रुप अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। मंच का संचालन आर.पी.टण्डन, सुरेश कुमार सोनी एवं नीलम शर्मा ने संयुक्त रूप से किया तथा देवीशंकर राय ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने वरिष्ठ कल्याण अधिकारी अनिल गुप्ता, नीलम शर्मा, एस. के. डेविड, महिपाल कैवर्त, संजय गेंदरे, मुकेश खैरवार तथा राजकुमार कुमार का योगदान रहा।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 तक

कोरबा, 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भारत सरकार को ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक प्रस्तुत किया जायेगा इस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर किया जा सकता है। बाल पुरस्कार हेतु सामाजिक विज्ञान खेल, साहसी कार्यो, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार 26 दिसम्बर वीर बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति के द्वारा दिया जाना है पुरस्कार हेतु 6 से उपर एवं 8 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिकाएं आवेदन कर सकते है। आवेदन से संबधित अन्य जानकारी हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

### मेरी माटी-मेरा देश अभियान, जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत जिले में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद एवं ग्राम पंचायतों में शिलाफलकम स्थापना, पंचप्रण, वसुधा वंदन, ध्वजारोहण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने सर्व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को निर्देशित किया है कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सभी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाए। ग्राम पंचायतों में वसुधा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाए। जिसके तहत सभी ग्राम पंचायतों में 75 पौधों का रोपण किया जाए। यह पौधरोपण स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। मनरेगा के तहत निर्मित अमृत सरोवर की मेड़ पर, शासकीय स्कूल-शालाओं के परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के लिए जनपद पंचायत करतला ग्राम पंचायत घटाद्वारी, लबेद, बिरतरई, कुरूडीह आदि ग्राम पंचायतों में पौधरोपण किया गया।75-75 फलदार, छायादार पौधे- आम, जामुन, कटहल, अमरूद, आंवला, नीम, बरगद, बेल, पीपल आदि का पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के द्वारा पौधों के सुरक्षा के लिए संकल्प लिया गया। अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी एवं वीरों की स्मृति में ग्राम पंचायतों में शिलाफलक स्थापित किए गए। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा अमृत सरोवर के समीप शाला परिसर में पंचप्रण की शपथ ली गई।

# मरवाही के कांग्रेसियों ने शैलजा के सामने निकाली भड़ास

## पंचवटी में मची रही गहमा-गहमी



**कोरबा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा प्रवास पर पहुंचीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी शैलजा ठाकुर के समक्ष नाराज कांग्रेसजनों ने अपनी भड़ास जमकर निकाली। उनसे मिलने की कोशिश में लगे मरवाही के कांग्रेसियों को रोके जाने पर उन्होंने भी जमकर हंगामा व नारेबाजी किया। हंगामा और आक्रोश के बीच कोरबा व कटघोरा विधानसभा से टिकट की दावेदारी करने वाले लोगों ने अपने नाम बताते हुए दावेदारी रखी।

आसन्न विधानसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों तथा प्रत्याशियों के चयन पूर्व दावेदारी व रायशुमारी के सिलसिले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ठाकुर शुक्रवार को कोरबा प्रवास पर रहीं। उन्होंने पंचवटी विश्रामगृह में कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को मुलाकात के लिए बुलाया था। चर्चा के दौरान कांग्रेस के बांकीमोंगरा ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने अपनी नाराजगी जाहिर की कि वह डेढ़ साल तक ब्लाक अध्यक्ष के पद पर रहा लेकिन उसे बिना कोई जानकारी व सूचना दिए हटा दिया गया। अपने मन से दूसरे को यहां ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे प्रदीप अग्रवाल को बीच में रोकने-टोकने की कोशिश की गई लेकिन शैलजा ठाकुर ने ऐसा करने से संगठन अध्यक्ष को रोक दिया और प्रदीप अग्रवाल की पूरी बात सुनी।

इसी तरह कांग्रेस प्रभारी के साथ चर्चा और मुलाकात करने के लिए मरवाही विधानसभा से भी विधायक व पदाधिकारी पंचवटी आए थे लेकिन इन्हें शैलजा ठाकुर से मिलने नहीं दिया गया। मुलाकात के लिए जिनके नाम की सूची पहले से तैयार कर ली गई थी और वे पंचवटी पहुंचे भी थे लेकिन उन्हें भी भीतर जाने से रोका गया। इस तरह के रवैय्ये को लेकर मरवाही के कांग्रेसियों ने विरोध जताया। इस बात को लेकर दरवाजे के सामने मौजूद जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ मरवाही के कांग्रेसजनों की अच्छी खासी बहस हुई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। तमाम प्रयासों के बाद भी मरवाही विधानसभा के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शैलजा ठाकुर से नहीं मिल सके।

### लोग कांग्रेस पर विश्वास करते हैं- शैलजा

*प्रभारी शैलजा ठाकुर ने संक्षिप्त चर्चा में कहा कि अब वक्त आ गया है जब पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सब मिलकर लोगों के बीच जाकर पार्टी तथा कांग्रेस सरकार के काम व उसकी उपलब्धियों को बताएं। हर वर्ग के लोगों को कांग्रेस सरकार से मिले लाभ को प्रचारित करें। आगामी चुनाव के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी तरह उत्साहित हैं। शैलजा ने कहा कि लोग कांग्रेस पर विश्वास करते हैं।*



### नवविवाहिताओं का हुआ सम्मान

कोरबा, 17 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप की उपस्थिति में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज में मतदाता जागरूकता हेतु नवविवाहिता वधुओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



जिसमें नव विवाहिताओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर तथा रंगोली बनाकर स्वीप अभियान, वोट डालने आदि का जागरूकता संदेश दिया। इस अवसर पर सीईओ ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने नए मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र बनाने के लिए प्रेरित किया तथा उन्होंने मतदान के अधिकार की महत्ता बताई, साथ ही नवविवाहिताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि मतदान के अधिकार का उद्देश्य लिंग, जातिभेद से ऊपर उठकर समानता लाना भी है।

## राजीव गांधी की जयंती पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली सद्भावना की शपथ

**कोरबा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में शुक्रवार को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सद्भावना शपथ ली। राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के अवसर पर कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा जिला कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। सभी अधिकारी कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और



सद्भावना के लिए कार्य करने सहित हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की शपथ ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, खनिज अधिकारी प्रमोद नायक, डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे सहित जिला कार्यलय के विभिन्न विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की जयन्ती 20 अगस्त को हर वर्ष सद्भावना दिवस पर अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यालय प्रमुख द्वारा शपथ दिलाई जाती है।

## विवादित सरगबुंदिया कोल साइडिंग पहुंचे माइनिंग इंस्पेक्टर

**कोरबा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। जिले की तहसील बरपाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम सरगबुंदिया में रेलवे स्टेशन के निकट संचालित हो रहे कोयला साइडिंग और कोयला परिवहन में लगे भारी वाहनों को बंद कराने की मांग की गई है। गुरुवार को दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्टर सौरभ कुमार के नाम ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्यवाही की अपेक्षा जाहिर की। इस आवेदन के बाद आज कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग से निरीक्षक खिलावन कुवार्य ने कोल साइडिंग स्थल पर जाकर निरीक्षण किया।



खनिज निरीक्षक ने मौके की जांच में पाया कि सरगबुंदिया रेलवे स्टेशन के स्टाक यार्ड में कोयला रखा हुआ है। स्टाक यार्ड से कोयला को ट्रेलर में लोड कर अन्यत्र परिवहन किया जाता है जो मौके पर परिलक्षित हुआ। ग्राम सलिहाभांठा व डोंगरीभाठा का भी मुआयना किया गया जिनकी दूरी कोयला स्टाक यार्ड से क्रमशः 550 व 1000 मीटर है। खनिज निरीक्षक ने परिवहन मार्ग का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना की सडक़ है। सडक़ पर कोयला के डस्ट, धूल पाया गया जो कि वाहनों के चलने से वातावरण में उड़ता है। कोयला परिवहन मार्ग में एसबीआई व जिला सहकारी बैंक स्थित है। ग्राम सलिहाभाठा में सडक़ के किनारे शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला संचालित है जिनकी दूरी कोयला भंडारण स्थल से लगभग 300 मीटर हैं। अन्य सार्वजनिक स्थलों का भी ग्रामीणों की उपस्थिति में नजरी नक्शा तैयार किया गया। कोयला स्टाक यार्ड के समीप धनीराम पब्लिक स्कूल बरपाली व जीपी कान्वेंट स्कूल है जिनकी दूरी क्रमशः 300 व 150 मीटर है और ये भी कोयला डस्ट से प्रभावित होना परिलक्षित हुए। कोयला स्टाक यार्ड के पूर्व क्षेत्र में कृषि भूमि है जिसमें कोल डस्ट पाए गए। इस पूरी निरीक्षण कार्यवाही के दौरान शिकायतकर्ता ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

## कैंसर रोगियों को अब नहीं लगानी पड़ेगी बड़े शहरों की दौड़

### चिकित्सा महाविद्यालय से संबंद्ध जिला अस्पताल में शुरू हुआ कैंसर रोग-रेडियोथेरपी विभाग

कोरबा, 18 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी एवं अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम के प्रयास से जिले में कैंसर के ईलाज की सुविधा प्रारंभ हो गई है। स्व. बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंध अस्पताल के ट्रामा सेंटर बिल्डिंग में प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक कैंसर रोग-रेडियोथेरेपी विभाग की डे-केयर कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। जिससे जिले के कैंसर रोगियों को अब इलाज के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। अब जिला चिकित्सालय कोरबा में ही कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग तथा डे केयर कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध होगी।

सीएमएचओ डॉ. केसरी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसके पूर्व जिले के किसी भी अस्पताल में कैंसर रोगियों के उपचार की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। कैंसर रोगियों के ईलाज हेतु विभाग में डॉ. पी. पाणिग्रही (एम.एस.), डॉ. सोनू कुमार साहू (जे.आर.) तथा डॉ. माधवी महंत (जे.आर.) की नियुक्ति की गई है। इससे कैंसर रोगियों का कोरबा जिले में ही इलाज हो सकेगा और उन्हें मानसिक और शारीरिक परेशानी के साथ आर्थिक रूप से राहत मिलेगी। कैंसर के मरीज का बाहर किसी चिकित्सालय में इलाज हेतु कीमोथेरेपी की आवश्यकता होती है जिसकी एक डोज पर 5 से 26 हजार रूपये खर्च आता है। ईलाज के दौरान दी जाने वाली दवाई और आने-जाने का खर्च अतिरिक्त रूप से मरीज को वहन करना पड़ता है। एक मरीज को कीमो का 6 से 7 डोज दिया जाता है। इससे मरीज को बहुत अधिक आर्थिक बोझ सहना पड़ता है। अब ऐसे मरीजों को आर्थिक बचत होगी। संबंधित अन्य दवाईयां भी निःशुल्क दी जायेगी।




#### जानें कैंसर के लक्षण

डॉ. केशरी ने कैंसर के लक्षण की पहचान के संबंध में बताया कि इसका लक्षण बहुत विविधतापूर्ण हो सकता है। उन्होंने बताया कि कैंसर का लक्षण हो सकता है कि वे बिल्कुल ना पाए जाएं। इसी प्रकार कुछ मरीजों में असमान्य गाँठे, समझ ना आने वाला बुखार, रात में पसीना आना या अनजाने में वजन में हुई वृद्धि या कमी, पाचन संबंधी समस्या कब्ज या दस्त होना, आवाज बदल जाना, लिम्फ नोड्स में सूजन, त्वचा के रंग में बदलाव इसके लक्षण में शामिल हैं। ऐसे लक्षणों वाले मरीज चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध अस्पताल कोरबा के ट्रामा सेंटर बिल्डिंग, प्रथम तल में प्रातः 8 से दोपहर 2 बजे तक में कैंसर रोग-रेडियोथेरेपी विभाग की डे-केयर में इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

### कांग्रेस अजा विभाग के नेताओं प्रभारी मंत्री से की मुलाकात

कोरबा, 18 अगस्त (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन व श्रम मंत्री डॉ. शिव डहरिया का प्रभारी मंत्री बनाने के बाद प्रथम कोरबा प्रवास पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी व सदस्यों ने सर्किट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल अनुसूचित जाति विभाग व अनुसूचित जाति विभाग कॉंग्रेस शहर जिला अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे के नेतृत्व में फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। संगठन के द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी संगठन पूरी निष्ठा के साथ काम करेगा। इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष कमलेश कुर्रे, जया लहरे ग्रामीण जिला अध्यक्ष, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य रवि खूंटे, अजा विभाग महिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पात्रे, जिला उपाध्यक्ष दीपक टण्डन, छत्रपाल कुर्रे, मोहन लदेर, विजय अनंत, सीमा कुर्रे, त्रिवेणी मिरी, सोमनाथ टण्डन, रामकुमार माथुर, लखन कठोतिया, गणेश खुंटे, मुन्ना नायर, गोपाल कुर्रे, बृजमोहन दिवाकर, अविनाश बंजारे, संगीता जांगड़े, अंजू रात्रे, कुमारी रत्नाकर, गीता सारथी, उमेश डहरिया आदि उपस्थित थे।

# निर्माण कार्यों की प्रगति से असंतुष्ट आरईएस और डीईओ को नोटिस जारी करने निर्देश

### प्रभारी मंत्री ने कहा-कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कोरबा, 18 अगस्त (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन एवं श्रम तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्माण से संबंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। डॉ. डहरिया ने निर्माण कार्यों में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की बात कही। उन्होंने जिले में स्कूलों से सम्बंधित कार्यों में प्रगति नहीं दिखने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता एंटोनी तिर्की और जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की।




समीक्षा बैठक में मंत्री डॉ. डहरिया ने नगरीय प्रशासन अंतर्गत अधोसंरचना, प्रधानमंत्री आवास, मोबाइल मेडिकल यूनिट, राजीव आश्रय आवास की जानकारी ली। उन्होंने निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि अधोसंरचना अंतर्गत कार्यों को शीघ्र पूरा करें। उन्होंने निगम अंतर्गत खम्बे और लाइट, सामुदायिक भवन, दुकान निर्माण तथा जमीन आबंटन और आधिपत्य, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सफाई व्यवस्था, पेयजल, ओडीएफ की समीक्षा की। मंत्री डॉ डहरिया ने 15वें वित्त अंतर्गत उपलब्ध राशि और प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं, संगठित और असंगठित कर्मकारों के संचालित योजनाओं की समीक्षा की और सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुँचा कर उन्हें लाभान्वित करें। उन्होंने पंजीयन की स्थिति और मोबाइल नम्बर दर्ज करने में आ रही समस्याओं को भी निराकरण के निर्देश दिए।

### निर्माण कार्यों का सतत निरीक्षण करें अधिकारी

प्रभारी मंत्री डॉ. डहरिया ने जिले में शिक्षा व्यवस्था, स्कूलों में शिक्षकों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि विद्यार्थियों के दर्ज संख्या के आधार पर पर्याप्त शिक्षक हो, यह सुनिश्चित किया जाए। आदिवासी क्षेत्र में शिक्षक की कमी को पूरा करने के साथ अध्यापन व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो। उन्होंने स्कूल सहित अन्य संस्थाओं के छोटे-छोटे निर्माण कार्यों की प्रगति के लिए निरंतर निरीक्षण के निर्देश देते हुए समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की और घरों तक पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य पूर्ण होने के पश्चात भी पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाने वाले स्थानों पर जाँच के निर्देश दिए। मंत्री ने जिले में खाद्य विभाग अंतर्गत राशनकार्ड, उपलब्ध खाद्यान्न, राजस्व विभाग अंतर्गत लंबित प्रकरणों, वन अधिकार पट्टे के वितरण की समीक्षा की और समय पर पूर्ण करने के साथ आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में राजस्व, आपदा प्रबंधन, पंजीयन,पुनर्वास एवं स्टाम्प मंत्री श्री जय सिंह अग्रवाल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, विधायक पाली तानाखार मोहित राम, रामपुर विधायक ननकीराम कँवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार, एसपी उदय किरण, डीएफओ अरविंद पीएम, निशांत कुमार, निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, मंत्री के विशेष सहायक राजेश पात्रे, ओएसडी लिंग राज सिदार सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर सहित अधिकारियों ने किया स्वागत



**प्रभारी मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के कोरबा पहुँचने पर मुड़ापार हेलीपैड में महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, कलेक्टर सौरभ कुमार और डीएफओ अरविंद पीएम, निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।**

# सार-संक्षेप

## नववधुओं को मतदान करने किया गया जागरूक



**जनकपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के तहत 18 अगस्त 2023 को नवीन जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के भरतपुर विकासखंड में नव वधुओं का सम्मान किया गया। नव वधुओं को पुष्पगुच्छ, तिलक लगाकर ,सिंदूर लगाकर, उन्हें भेंट स्वरूप सुहागन किट दिया गया। स्वीप बैनर के साथ चिन्ह दिखाते हुए सेल्फी भी क्लिक की गई साथ ही सभी नव वधुओं के हाथ में मेहंदी लगाकर सौ प्रतिशत मतदान करने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम मूलचंद चोपड़ा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण शर्मा , नोडल प्रभारी दीपक सिंह बघेल, स्वीप टीम सदस्य (बी.एल.ओ विधात्री सिंह) ,समीक्षा सिंह ,किरण गुप्ता , क्षीप्रा तिवारी , नव वधु खुशी टेकवानी ,पूजा गुप्ता ,आशा गुप्ता, अंजली सिंह सहित अन्य नव वधु उपस्थित रहीं।

## स्वधार गृह, बालिका गृह व सखी वन सेंटर में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**अम्बिकापुर** 18 अगस्त (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राम कुमार तिवारी के निर्देश एवं सचिव अमित जिन्दल के मार्गदर्शन में बुधवार को स्वधार गृह, बालिका गृह व सखी वन सेन्टर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

स्वधार गृह आयोजित शिविर में यौन उत्पीड़न के सम्बंध में जानकारी दी गई तथा संबंधित प्रावधानों से लोगों को अवगत कराया गया। बालिका गृह अम्बिकापुर में कामकाजी महिलाओं के साथ यौन दुर्व्यवहार के बारे में बताते हुए कहा कि रोजगार प्रदाता का दायित्व है कि वह यौन उत्पीड़न से निवारण के लिए आवश्यक कार्य करें। इसके साथ ही सखी वन सेन्टर में महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण और लैंगिक उत्पीड़न के परिवादो के निवारण तथा प्रतितोषण और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध कराने संबंधी जानकारी दी गई।

## ए.के. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मनाया गया पोषण दिवस



मनेन्द्रगढ़, 18 अगस्त (देशबन्धु)। ए. के. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग मनेन्द्रगढ़ में बी. ए सी नर्सिंग एवं जी एन एम छात्रों द्वारा पोषण दिवस का आयोजन किया गया । पोषण दिवस का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत सम्मान से किया गया। पोषण दिवस में छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान बनाये गये जो हमारी सेहत के लिए लाभकारी है। इस पोषण दिवस में छात्रों द्वारा थीम वॉल पेंटिंग एवं वेस्ट मटेरियल क्रॉफ्ट जैसे कार्यक्रम भी किये गये । इस अवसर पर मौजूद अतिथि वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय चतुवेर्दी, धुरन्दर तिवारी , अवनिन्द्र सिंह, कॉलेज के संचालक डॉ . अखिलेश कुमार ओझा , गुरदीप अरोरा, राजेश शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, सुदीप बनर्जी, विनीत जायसवाल, रामचरित द्विवेदी अध्यक्ष प्रेस क्लब, गोपाल सिंह की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ । छात्र - छात्राओ के द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान हमारे अतिथियो को परोसा गया एवं साथ ही उन पकवानों से हमारे शरीर को होने वाले लाभ एवं पोषक तत्वों के बारे में बताया गया। चिज कॉम्पिटिशन के द्वारा बच्चों के ज्ञान का भी अंकन किया गया एवं उन्हें प्रथम, द्वितीय पुरुस्कार द्वारा उनका मनोबल बढ़ाया गया. न्यूट्रिशन डे यानी पोषण दिवस के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये संस्थान के संचालक ए के ओझा ने कहा कि दरअसल आज से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की शुरूआत हो रही है। इस मौके पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है.पोषण दिवस पर कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्राओं ने डाइट प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की डाइट प्रस्तुत की, जिसमें गर्भवती महिला का आहार, रिनल डाइट व बच्चों का आहार शामिल थे। छात्राओं ने चार्ट व पोस्टर बना कर पौष्टिक आहार का महत्व समझाया। अंत में विजेताओं ने नाम घोषित किए गए ।कार्यक्रम में कालेज के संचालक ए के ओझा ने स्वस्थ व पौष्टिक आहार का महत्व समझाया और छात्राओं को आगे बढ़ने और जागरूकता पूर्ण कार्यक्रम पेश करने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में रोशनी टोप्पो, शालिनी बैगा, सौरभ तिवारी, रेणु एक्का, लक्ष्मी, रुपेश, सुनीता पैकरा, प्राची मौर्या, साहिबा अंसारी, रानी पुरी, दुर्गा, अनुष्का, अन्नपूर्णा केवट, मुस्कान वर्मा, शीतल पन्ना, दुर्गा दारकेश, सचिन, आकांक्षा बंजारे, प्रतिभा, समिता, मोनिका, शुस्मिता, रानी, रिया, ममता का सराहनीय योगदान रहा.

## तमनार में महिलाओं व बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को किया मतदान के लिए प्रेरित

**रायगढ़** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के तहसील तमनार के आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल मैदान में 2000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा चिन्हारी लोकतंत्र के तहत मानव श्रृंखला के माध्यम से वोटर चिन्ह निर्माण कर लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु प्रेरित किए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं एसडीएम घरघोड़ा श्रीमती ऋक्षा ठाकुर के नेतृत्व में लगभग 2000 महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी बोली में मतदान हेतु शपथ लिए। इसके साथ ही उन्होंने अपने परिवार के मतदाता सदस्यों, आस-पड़ोस के लोगों को भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने हेतु संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि 2 से 31 अगस्त 2023 तक सभी मतदान केंद्रों पर द्वितीय फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 का कार्य प्रारंभ है जिसमें दावा-आपत्ति तथा संशोधन का कार्य बीएलओ एवं अविहित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 19 एवं 20 अगस्त को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**बलरामपुर** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने रामचंद्रपुर विकासखण्ड के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कलेक्टर ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदान केंद्रों का गहन परीक्षण किया और विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री एक्का ने विकासखण्ड रामचंद्रपुर के ग्राम बुलगांव, नेहरूनगर एवं चंद्रनगर के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची का परीक्षण किया और वहां उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन के कार्य को प्राथमिकता, सजगता एवं नियमानुसार करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ, सुपरवाईजरों व निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों से चुनाव पूर्व तैयारियों के संबंध में जानकारी ली तथा नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत जोड़ने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने बीएलओ और सुपरवाईजर से 17 साल से ऊपर के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृतकों का नाम काटने और नव वधुओं को सम्मानित करने तथा सभी आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गौतम सिंह, तहसीलदार, जिला निर्वाचन के कर्मचारी एवं संबंधित पटवारी, ग्राम सचिव उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आनलाइन आवेदन 31 तक

**कोरिया,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भारत सरकार को आंनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक प्रस्तुत किया जायेगा। बाल पुरस्कार हेतु सामाजिक विज्ञान खेल, सहासी कार्यो, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिया जाना है।

# कोरिया वासियों को शीघ्र मिलेगी सीटी स्कैन मशीन की सुविधा

### कलेक्टर ने जिले में बिना पंजीकृत लैब, क्लीनिक की जांच करने दिए निर्देश



**बैकण्ठपुर**,18 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि सीटी स्कैन मशीन की सुविधा शीघ्र शुरू की जाए। जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा मिल जाने से कोरियावासियों को बहुत राहत मिलेगी। सड़क दुर्घटना एवं अन्य जटिल बीमारियों में सीटी स्कैन के लिए जरूरतमंद एवं गरीब मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर या अन्य शहर जाना पड़ता था। सीटी स्कैन मशीन सुचारू संचालन हो इसके लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर विनय लंगेह ने आज स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में बिना पंजीकृत खुले लैब एवं क्लीनिक का चिन्हांकन कर तत्काल उन्हें नोटिस जारी किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिलें में सभी पंजीकृत व संचालित सोनोग्राफी केन्द्रों, निजी चिकित्सालयों, क्लीनिक के नवीन पंजीयन एवं लाइसेंस आदि की नियमित जांच-पड़ताल करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही ऐसे पंजीकृत सोनोग्राफी केन्द्र को बंद करने के निर्देश दिए जो नियमित रूप से संचालित नहीं है। जिले में फिलहाल 2 शासकीय एवं 4 निजी सोनोग्राफी संस्था पंजीकृत है।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री नीलम टोप्पो, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सेंगर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल सहित जिला सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट का प्रभावी क्रियान्वयन-**

कलेक्टर श्री लंगेह ने पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन के मंशानुरूप पी.सी.पी.एन.डी.टी. जिला नोडल अधिकारी, जिन्हें नियम- अधिनियम के संबंध में प्रशिक्षित किया गया है, उन्हें बार-बार न बदला जाए। केन्द्रों का प्रत्येक तीन माह में निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। पी.सी.पी.एन.डी.टी. के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक नियमानुसार दो माह में एक बार निगरानी करने कहा गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लिंगानुपात समानता के जनजागरूकता लाने पर विशेष बल देते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि मितानिनों एवं स्थानीय स्व-सहायता समूहों को भी इसमें शामिल किया जाए।

### मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान

**श्री लंगेह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाएं ताकि आम लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानियों का सामना न करना पड़े। श्री लंगेह ने जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच सुविधा व समुचित दवाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। छत्तीसगढ़ राज्य का आदिवासी बाहुल्य सुदूर वनांचल जिला कोरिया में मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बढ़ाने के लिए जिला कलेक्टर विभिन्न उपाय कर रहे हैं।**

## उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के बाद भाजपा कार्यालय मे जश्न



### जिलाध्यक्ष ने कहा तीनों विधानसभा क्षेत्रों मे भाजपा प्रत्याशियों की जीत तय

**सूरजपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के जिले की तीनो विधानसभा सीटो से प्रत्याशियों की घोषणा के साथ कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा ने प्रेमनगर विधानसभा से भूलन सिंह, भटगांव से लक्ष्मी राजवाड़े, प्रतापपुर से शकुंतला पोर्ते को उम्मीदवार बनाया है। केन्द्रीय चुनाव समिति द्वारा उम्मीदवारों की सूची जारी करते ही जिला भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी व फूलमालाओं के प्रत्याशियों का स्वागत किया गया । भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने प्रेमनगर क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह व भटगांव क्षेत्र से प्रत्याशी लक्ष्मी राजवाड़े का गुलदस्ता भेंटकर व मीठा खिलाकर स्वागत किया ।भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही जिले भर के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस बार भाजपा भूपेश सरकार के कुशासन भ्रष्टाचार व क्षेत्र के विधायकों के निष्क्रियता का मुद्दा लेकर जनता के बीच जाएगी और जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशी विजय का परचम लहराएंगे। प्रेमनगर क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर इस बार कमल खिलाएंगे। वहीं भटगांव क्षेत्र की प्रत्याशी लक्ष्मी राजवाडे ने उम्मीदवार बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि भटगांव क्षेत्र से इस बार भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए घर घर जाएंगे। श्रीमती राजवाड़े अपने संपर्क अभियान की शुरुआत क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता चरणसिंह अग्रवाल से आशीर्वाद लेकर किया।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 72 लाख की आर्थिक सहायता

**अम्बिकापुर** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के निकटतम वारिस के लिए 72 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। ग्राम परसा निवासी श्यामलाल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस देवन मरकाम, ग्राम सांडबार निवासी भादे प्रजापति की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस चमेली प्रजापति, ग्राम केराकछार निवासी जितेन्द्र राजवाड़े की नाले के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस पत्नी शारदा, ग्राम फुन्दुरडिहारी निवासी फेकु राम की आग से जलने से मृत्यु होने पर उनके वारिस दीपक यादव,तहसील सीतापुर के निवासी भगत सिंह की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस कुमार साय, ग्राम गुरहुलडीह निवासी कमलेश्वर की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस कुन्ती देवी ठंनवा राम, ग्राम पेटला निवासी अकली की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस पति भूली राम पन्ना सुन्दर, तहसील उदयपुर के ग्राम मुडगांव निवासी सावित्री की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस दिलीप सिंह, ग्राम गुमगा निवासी की मधुमक्खी काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिस रतन मरकाम, ग्राम जजगा निवासी अंकिता भगत की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस संतोष खलखो, ग्राम कोट निवासी अमित किण्डो की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस रामचन्द्र किण्डो, ग्राम कुदारीडीह निवासी सुरेन्द्र पैकरा की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस नन्हेश्वर प्रसाद सिंह मृगेन्द्र कुमार, तहसील लखनपुर के ग्राम बगदर्री निवासी बैजनाथ की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस बिफईया, ग्राम अमलभिट्टी निवासी सतपाल की तालाब पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस उन्ती, ग्राम खूंटिया निवासी सिरजन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस अकती बाई, तहसील दरिमा के ग्राम लिबरा निवासी अब्दुल कलाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस युसुफ मिया आदि को राहत राशि प्रदान की गई है।

# पावर लिफ्टिंग में मंयक को मिला गोल्ड



**एमसीबी,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में चल रहे राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग कंप्टीशन में एमसीबी जिले के मयंक ने गोल्ड जीता है। प्रतियोगिता में मयंक ने तीन गोल्ड मेडल जीतकर अपने जिले सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता 8 से 13 अगस्त तक आयोजित की गई है। इसमें मयंक ने कुल 490 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड अपने नाम किया।

**62 किलोग्राम वजन की श्रेणी में कुल 25 प्रतिभागी शामिल हुए**

प्रतियोगिता में तीन इवेंट आयोजित किए गए थे। इनमें बेंच प्रेस, स्चाड लिफ्ट और डेडलिफ्ट के लिए पुरी उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित देशभर से लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मयंक ने 62 किलोग्राम वजन की श्रेणी में कुल 490 किलो का वजन उठाया। 3 प्रयास में बेंच प्रेस में 105 किलो स्चाड में 160 किलो और डेड लिफ्ट में 225 किलोग्राम वजन उठाकर तीन गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।

जानकारी के अनुसार 62 किलोग्राम वजन की श्रेणी में कुल 25 प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। अन्य श्रेणियां में भी छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने परचम लहराया है। नेशनल पावर लिफ्टिंग कंपटीशन में राज्य के प्रतिभागियों ने 11 गोल्ड सहित अन्य मेडल अपने नाम किए हैं।

**490 किलोग्राम का वजन उठाकर किया रिकॉर्ड दर्ज**

नेशनल पावर लिफ्टिंग कंपटीशन में मयंक ने तीन इवेंट में पार्टिसिपेट किया। इसमें लेटकर वजन उठाने वाले बेंच प्रेस नामक प्रतियोगिता में 105 किलोग्राम वजन उठक- बैठक के साथ वजन उठाने वाले स्चाड प्रतियोगिता में 160 किलोग्राम वजन और जमीन से लेकर घुटने से ऊपर तक वजन उठाने वाले डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में 225 किलोग्राम का वजन उठाकर मयंक ने रिकॉर्ड दर्ज कराया है। बंगाल उड़ीसा, असम, राजस्थान, मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़, केरल सहित देश के विभिन्न इलाकों से करीब 500 प्रतिभागी पहुंचे हैं। वहीं अब तक छग के प्रतिभागियों ने आयोजित प्रतियोगिता में 11 गोल्ड सहित अन्य मेडल अपने नाम कर लिया है।

## सद्भावना दिवस पर कलेक्टर ने दिलाई प्रतिज्ञा

**बैकुण्ठपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। सद्भावना दिवस मनाने के उददेष्य सभी धर्मो, शषाओं और क्षेत्रों के लोगो के बीच राष्ट्रीय एकीकरण की शवना जागृत करना और हिंसा के विचार को छोड़ते हुए लोगों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देना है। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्टर परिसर में उपस्थित बड़ी संख्या में अधिकारियों कर्मचारियों को जाति, समप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती नंदनी साहू, संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने जनपदवार शिविर

**बलरामपुर** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने जिले के सभी जनपद पंचायतों में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने हेतु सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि अभी भी जिले के सभी दिव्यांग लोगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है। इस संबंध में कलेक्टर श्री एक्का ने कहा कि जिले के सभी दिव्यांग लोग शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें, इसके लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी दिव्यांग लोगों से आग्रह किया है कि जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनना शेष रहा गया है, वे शिविर में जाकर अपना प्रमाण पत्र बनवाएं।

इन आयोजित शिविरों में मेडिकल बोर्ड के चिकित्सक भी उपस्थित रहेंगे।

# विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिताएं शुरू

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में दोगुने जोश के साथ प्रतिभागी उतरे मैदान में



**अम्बिकापुर** 18 अगस्त (देशबन्धु)। हरेली तिहार के दिन से शुरू हुए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीसरे चरण की शुरुआत 18 अगस्त से हो गई है। तीसरे चरण में यह प्रतियोगिता विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर 23 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक एवं दूसरे चरण में जोन स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक किया गया था। जोन स्तर के ग्रामीण क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में एवं शहरी क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की गई। पिछले दो चरणों में जिस उत्साह के साथ लोगों ने पारम्परिक खेलों में हिस्सा लिया, उसके दोगुना उत्साह खिलाड़ियों में अब देखने मिल रहा है। जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ती जा रही है प्रतिभागियों में जीत हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बनने का जुनून दिखाई दे रहा है। चौथे चरण में जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 27 अगस्त से 04 सितंबर तक, पांचवे चरण में संभाग स्तर पर 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर स्पर्धाएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

# रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में बना ली सड़क, सो रहा वन विभाग

## बाराद्वार के छीतापडरिया जंगल में धड़ल्ले से हो रहा भारी वाहनों का आवागमन

**जांजगीर**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में किसी भी तरह का निर्माण कार्य विभागीय अनुमति के बिना किया जाना गंभीर अपराध किस श्रेणी में आता है। इस नियम से आम आदमी भी भली-भांति वाकिफ है, बावजूद इसके एक निजी उद्योग संचालक द्वारा नवगठित सक्ति जिला के बाराद्वार क्षेत्र में स्थापित छीता पड़रिया जंगल में करीब 1 किलोमीटर लंबी सड़क जिसकी



चौड़ाई 4 मी. बताई जाती है, बना ली गई है, जिसकी अनुमति सक्षम अधिकारी से नहीं ली गई है। इतना ही नहीं इसकी शिकायत पर माहभर पूर्व जांच अधिकारी भी मौके पर पहुंचे मगर जांच में क्या मिला यह अब तक बाहर नहीं आ सका है। जिसे लेकर संदेह की बू आने लगी है।

नवगठित जिला सक्ती अंतर्गत बाराद्वार के छीतापड़रिया जंगल में एक निजी उद्योग संचालक द्वारा 4 मीटर चौड़ी तकरीबन 1 किलोमीटर लंबाई की सड़क बना ली गई है।




इस सड़क पर डोलोमाइट से भरी भारी-भरकम गाड़ियां धड़ल्ले से चल रही हैं, वहीं जिम्मेदार वन विभाग का अमला सब कुछ जानकार भी अनजान बन बैठा है। गौरतलब है कि जिला विभाजन के बाद सक्ती जिले के वन परिक्षेत्र की कमान अभी भी जांजगीर-चांपा वन मंडल के अधीन है, लेकिन यहां के जिम्मेदार अधिकारी सक्ती बाराद्वार क्षेत्र के उजड़ते जंगलों की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ताजा मामला बाराद्वार के छीतापड़रिया जंगल का है। यहां संचालित एक डोलोमाइट खदान संचालक द्वारा रिजर्व फॉरेस्ट के एरिया में 4 मीटर चौड़ी और तकरीबन 1 किलोमीटर लंबाई की सड़क का निर्माण कर लिया गया है। बताया जाता है कि इसकी विधिवत अनुमति विभाग से नहीं ली गई है, और डोलोमाइट से भारी भारी भरकम गाड़ियां इस जंगल में अवैध रूप से बने सड़क पर दौड़ रही है। ऐसे में एक ओर यहां धूल और धुएं से पूरा जंगल प्रदूषण की मार झेल रहा है, तो वहीं दूसरी ओर भारी भरकम गाड़ियों के चलने से सघन वन परीक्षेत्र अब उजाड़ नजर आने लगा है। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि यही हालात रहे तो यह जंगल केवल नाम मात्र का ही रह जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से की गई थी, जिस पर बीते जुलाई महीने में वन विभाग की एक जांच टीम यहां जांच करने पहुंची थी। बताया जाता है कि इस दौरान तकरीबन 1 किलोमीटर तक रिजर्व फॉरेस्ट के एरिया में सड़क बनाए जाने की पुष्टि हुई थी, लेकिन इसके बाद आगे की कार्यवाही नहीं हुई। पूरा मामला फाइलों में ही दब कर रह गया। इस तरह की स्थिति में अब जिम्मेदार वन विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### नहीं मिला शासन का पक्ष

इस संबंध में डीएफओ दिनेश पटेल को फोन कर शासन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया मगर उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं कर पाने की वजह से इस मामले में शासन की ओर से की गई कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल सकी। हालांकि उन्हें टेक्स्ट मैसेज से भी अवगत

## सार-संक्षेप

### अरूण बने नवगठित जिले सारंगढ़ के प्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष

**सारंगढ़,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। रायगढ जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष का उत्तरदायित्व संभालने वाले अरूण मालाकार नवगठित सारंगढ बिलाईगढ जिले के प्रथम जिलाध्यक्ष बन गए हैं। उनके जिलाध्यक्ष बनते ही बस स्टैंड के कांग्रेस कार्यालय के सामने जबर्दस्त उत्साह से कार्यकर्ताओं ने फटाखे फोडे और अरूण को बधाई देने लगे जिसमें विधायक उत्तरी जांगडे पुरूषोत्तम साहू सूरज तिवारी संजय दुबे रवीन्द्र नंदे गोल्डी नायक पालू मिश्रा इत्यादि प्रमुख हैं।वहीं बिलाईगढ और बरमकेला क्षेत्र के जिलाध्यक्ष की दौड़ से बाहर हुए प्रत्याशियों व उनके समर्थकों में निश्चित रूप से ही निराशा का माहौल नजर आता है।

### अपर आयुक्त ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

सारंगढ़, 18 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर राजस्व संभाग के अपर आयुक्त और जिले के प्रभारी निर्वाचन अधिकारी के.एल. चौहान ने जिले के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम टिमरलगा, बटाउपाली और सालर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान से जुड़े कार्यों के साथ-साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फार्म-6, नाम हटाने के लिए फार्म-7 और निवास स्थानांतरण के लिए फार्म-8 की प्रगति रिपोर्ट की जांच की। प्रभारी अधिकारी श्री चौहान ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्वाचन कार्यों के संबंध निर्देशित किया। इस दौरे में सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा और तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार व अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### डीडीओ कोड अब तक नहीं आने से जिले का विकास बाधित

सारंगढ़, 18 अगस्त (देशबन्धु)। नवीन जिला सारंगढ बिलाईगढ गठन के बाद 26 जनवरी और 15 अगस्त का महोत्सव का आयोजन भी सफलतापूर्वक संपन्न हो गया परन्तु आज पर्यंत तक डीडीओ कोड जनरेट नहीं होने के कारण जिले का विकास बाधित है क्योंकि हर विभाग के लिए एक अलग ही डीडीओ कोड होता है तथा इसी कोड के जनरेट होने के बा ही उस विभाग का खाता ट्रेजरी में आन लाइन जनरेट होता है तथा इसी के बाद ही उस विभाग में कोई फंड आ पाता है।विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक राजस्व विभाग को छोडकर अन्य सभी विभागों में जिसमें स्वास्थ्य विभाग वन विभाग सहित अन्य कई विभागों में जिनसे मूलभूत सुविधाएं का संचार होता है उनके भी विभाग का डीडीओ कोड अब तक नहीं आया है। मालूम हो कि कमिश्नर भीमसिंह को उनके प्रथम सारंगढ दौरे के दौरान सारंगढ के पत्रकारगणों ने डीडीओ कोड से सम्बंधित उक्त समस्या के बारे में कमिश्नर को अवगत कराते हुए इसकी जानकारी लिखित में भी दिया था जिस पर कमिश्नर ने शीघ्र ही डीडीओ कोड आने की बात कहते हुए इसके सम्बंध में कलेक्टर को भी समुचित निर्देश दिया था परन्तु इस बात को लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी आज पर्यंत तक डीडीओ कोड जनरेट नहीं हो पाए हैं जिसके कारण कई विभागों के विकास कार्य बाधित हैं।

### कच्ची शराब बेचने वाले दो गिरफ्तार

**जांजगीर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपियों के विरूद्ध यदुमणि एसडीओपी चांपा के नेतृत्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 135 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। कार्यवाही के दौरान ग्राम खरौद नहर के आस पास में लवारिस हालात में लगभग 30 क्विंटल महुआ लहान मिलने पर टीम द्वारा नष्ट किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिला कि थाना बिर्रा, शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्रामों में अवैध रूप से शराब बिक्री किया जाता है। सूचना पर रेड कार्यवाही में ग्राम खरौद में आरोपी चित्रकांत भारद्वाज के कब्जे से 110 लीटर कच्ची महुआ शराब,थाना बिर्रा के ग्राम नक्टीडीह निवासी आरोपी कमलेश टंडन के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से आरोपी कमलेश टंडन के विरूद्ध थाना बिर्रा में आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी चित्रकांत भारद्वाज के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही यदुमणी सिदार एसडीओपी चाम्पा, निरी. गणेश सिंह राजपूत, सउनि बेलसज्जर लकड़ा, सियाराम यादव, हीरालाल एक्का, प्रआर संतोष पाण्डेय, आरक्षक कमलनाथ सिदार, नंद कुमार दर्वेश महिला आरक्षक लक्ष्मी रात्रे, पूर्णिमा राज का योगदान रहा।

एक अन्य घटना के अनुसार अवैध देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 69 पाव देशी प्लेन शराब जुमला 12.42 लीटर बरामद किया गया। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना पर रेड कार्यवाही किया जहां पर अमित लाल भारद्वाज उम्र 35 वर्ष साकिन चक्कीपारा अकतलरा मिला जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक के पीले रंग के बोरी में रखा 69 पाव देशी प्लेन शराब प्रत्येक पाव में 180 एमएल शराब भरा जुमला 12.42 लीटर आरोपी के कब्जे बरामद किया जाकर आरोपी केविरुद्ध 34 (2) आब.एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपराध धारा का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यकला रामटेके,उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार मिश्रा, आरक्षक विवेक ठाकुर,नवीन रात्रे,राघवेन्द्र का योगदान रहा।

# चुनाव में कानून व्यवस्था, कलेक्टर ने तैयारियां परखी

**विधानसभा चुनाव**

## असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश

जांजगीर, 18 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज पुलिस लाईन प्रशिक्षण सभाकक्ष खोखरा जांजगीर में आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के तहत जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा आगामी विधानसभा के निर्वाचन के दृष्टिगत सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। 3कलेक्टर ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रलोभन, शराब के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए संयुक्त कार्रवाई करने की आवश्यकता होगी, इसके लिए एक समन्वय बैठक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों, प्रस्ताव की कार्य योजना, नाकों के चिन्हिकरण आदि की जानकारी ली।





### पेड न्यूज, फेक न्यूज, वाट्सएप संदेश की नियमित मॉनिटरिंग

उन्होंने साईबर मॉनिटरिंग पेड न्यूज, फेक न्यूज, वाट्सएप संदेश की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों को संबंधित मतदान केंद्रों के दौरा करने, वल्नेरेबन क्षेत्रों-समुदायों की पहचान और सूचना तंत्र सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। बैठक पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी एक दूसरे से समन्वय करेंगे और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी कार्य करेंगे। बैठक में शांतिपूर्ण, स्वतन्त्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए निवारक कानून और व्यवस्था के तहत सभी सेक्टर अधिकारियों को पुलिस सेक्टर अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला उप निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, सर्व एसडीएम, सर्व एसडीओपी पुलिस ,तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित उपस्थित थे।

### अपराधों में लिप्त व्यक्ति की सूची अपडेट करें

चुनावो के दौरान अपराधों में लिप्त व्यक्ति की सूची अपडेट करने, लंबित चुनावी अपराधों की जांच-अभियोजन में तेजी लाने, अवैध हथियारों और गोला बारूद की जप्ति आदि के निर्देश दिए। बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत शस्त्र लायसेंसधारियों के लायसेंस सत्यापन एवं शस्त्र जमा कराये जाने की स्थिति, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अंतर्गत 107, 116 (3), जिला बदर, बाउण्ड ओव्हर एवं अन्य प्रतिबंधक कार्यवाही की तुलनात्मक जानकारी, प्रतिबंधक धाराओं के तहत की गई कार्यावाही की तुलनात्मक जानकारी की समीक्षा की गई।

## शेषराज हरबंश बने चुनाव घोषणा समिति के सदस्य

जांजगीर, 18 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने चुनाव घोषणा पत्र समिति का लिस्ट जारी किया है जिसमे मो.अकबर को अध्यक्ष बनाया गया है। इसमें अध्यक्ष सहित 22 लोगो को सदस्य बनाया गया है। चुनाव घोषणा समिति में विधानसभा अध्यक्ष डा.चरण दास महंत की अनुशंसा से पामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी,प्रदेश महिला कांग्रेस(अजा) के प्रदेशाध्यक्ष, छग रोजगार गारंटी परिषद के सदस्य श्रीमती शेषराज हरबंश को सदस्य बनाया गया है।

## स्व. राजीव गांधी की जयंती पर ली सद्भावना शपथ

**जांजगीर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्णयानुसार देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

## नवाचारी शिक्षक के रूप में व्याख्याता अमृतलाल साहू का हुआ सम्मान




**जांजगीर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नवाचारी शिक्षक के रूप में अमृतलाल साहू व्याख्याता शाउमा विद्यालय चोरिया का शिव प्रसाद डहरिया नगरी प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय जांजगीर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान किया गया ।

इसके पूर्व भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के साथ ही पाठ्य पुस्तक लेखन, साहित्य एवं समाज सेवा तथा पर्यावरण संवर्धन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा इन्हें सम्मानित किया जा चुका है इनके सम्मानित होने पर संस्था के प्राचार्य कंवल सिंह राठिया, बम्हनीडीह बीईओ एमडी दीवान, मोहन यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद सूर्यवंशी,संरक्षकराजेंद्र प्रसाद शुक्ला, चोरिया सरपंच श्रीमती रीना सुमन सूर्यवंशी, व्याख्याता फिरत सिंह कंवर, लक्ष्मी नारायण सोनी, भास्करयादव,ललित शुक्ला,जयनारायण राज,हेमंत खटकर,बसंत गढ़ेवाल,प्रेम प्रकाश देवांगन,नोहर लाल सूर्यवंशी, टीमन लाल चंद्रा, ताकेश्वर वैष्णव, नीलमणि देवांगन, श्रीमती ज्योति बिंझवार, विभा साहू, दिग्विजय एवं ओंकार पटेल, प्रताप सिंह कंवर एवं श्री लाठिया के साथ ही पालक गण एवं विद्यार्थियों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त किए हैं।

## 24 अगस्त को प्लेसमेंट कैप का होगा आयोजन

जांजगीर, 18 अगस्त (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जॉजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 24 अगस्त दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजें से 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैप का आयोजन किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक शाही एक्सपोटर्स प्राइवेट लिमिटेड स्कील डेव्हलपमेंट रायपुर द्वारा मोबिलाइजर एवं एसओएम ट्रेनर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही कि जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं एसओएम ट्रेनर के लिये डिप्लोमा आईटीआई, डिप्लोमा इन फैशन, कटिंग एण्ड सेविंग, कस्टम डिजाईन रखा गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 12 हजार रूपए से 14 हजार रूपए एवं एसेन्टिव निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदक, आवेदिका का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ रहेगा।

# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर पर जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य असाधारण कार्य (खेल, समाज सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति, नवप्रवर्तन) किया हो उन्हे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिसके लिए आवेदन 31 अगस्त तक केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अथवा जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय को 25 अगस्त तक आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

### किसे मिल सकता है प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

ऐसे बालक, बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का कार्य किया गया, आवेदन बालक, बालिका स्वयं कर सकते हैं या पालक, अधिकारी, शिक्षक आदि बच्चे को नामांकित कर सकते है। आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए एवं वर्तमान में भारत में निवासरत हो, घटना दिनांक को बालक-बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो, आवेदक को पहले किसी भी श्रेणी में उसी पुरस्कार का पूर्व प्राप्तकर्ता नही होना चाहिए असाधारण उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आदि, आवेदन पत्र जिला कलेक्टर द्वारा अनुशंसित होना आवश्यक है।

### आवश्यक प्रमाण-पत्र

आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज घटना की एफ. आई. आर. की प्रति अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरने, बालक-बालिकाएं के दो पासपोर्ट साइज के वर्तमान रंगीन फोटोग्राफ्स, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित एवं 4 अतिरिक्त पासपोर्ट साइज के फोटो, घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित (पुलिस या अन्य विभाग), नामांकन, आवेदन (02 प्रतियों में) के साथ आवेदन कर सकतें हैं।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, तीसरे चरण की प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ

## 18 अगस्त से 23 अगस्त तक चलेगी प्रतियोगिता

**जांजगीर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के सभी विकासखंड व नगरीय निकाय में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीसरे चरण की प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता 18 अगस्त से 23 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता दूसरे चरण में आयोजित जोन स्तरीय विजेता प्रतिभागियों एवं दलों के मध्य हो रही है। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक एवं दूसरे चरण में जोन स्तरीय प्रतियोगिता का



आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक किया गया था। इसी कड़ी में तीसरे चरण की प्रतियोगिता आज जांजगीर के शासकीय हाईस्कूल मैदान में नगरीय क्लस्टर स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ किया गया है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, सभापति रामविलास राठौर, जिला खेल अधिकारी प्रमोद बैस, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि तथा प्रतिभागी उपस्थित थे। इसी प्रकार विकासखंड पामगढ़ में विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया। इस दौरान शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य रोजगार गारंटी परिषद् श्रीमती शेषराज हरबंश, माटी कला बोर्ड की सदस्य सुश्री पुनीता प्रजापति, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की गई। प्रथम छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को अभूतपूर्व लोकप्रियता मिली थी और गांवों से लेकर शहरों तक बूढ़े, बच्चों एवं महिलाओं ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। अभी चल रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। राजीव युवा मितान क्लब स्तर, जोन स्तर एवं विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर प्रतियोगिता होने के बाद चौथे चरण में जिला स्तर पर इसका आयोजन 27 अगस्त से 04 सितंबर तक, पांचवे चरण में संभाग स्तर पर 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर स्पर्धाएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा। छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद एवं रस्सी कूद शामिल हैं।

# देश विदेश

## जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

**टोक्यो।** जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया 23 अगस्त को दक्षिण चीन सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे। जापानी समाचार एजेंसी क्योडो ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में सूत्रों ने बताया है कि जापान सेल्फ डिफेंस फोर्सेज, अमेरिकी नौसेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख जहाज फिलीपींस के पास तैनात किए जाएंगे। जापान की अपने विमान वाहक में परिवर्तित किये जा रहे सबसे बड़े विध्वंसक इजुमो को भेजने की योजना है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य चीन के जहाजों की निगरानी करना है। उन्होंने बताया कि अभ्यास के लिए कोई समय सीमा अभी तक निर्धारित नहीं है।

# भारतीय मूल के थर्मन सिंगापुर राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन पात्र उम्मीदवारों में शामिल

**सिंगापुर,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय मूल के पूर्व मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम और दो अन्य को सिंगापुर में 1 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। चुनाव विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। गुरुवार को पात्रता प्रमाणपत्र के

- सिंगापुर में 1 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया
- ईएलडी ने राजनीति में 22 साल देने के बाद थर्मन ने जून में शहर-राज्य के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के अपने इरादे की घोषणा की

लिए आवेदन करने का समय समाप्त होने तक राष्ट्रपति चुनाव समिति (पीईसी) को कुल छह आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से, पीईसी ने 66 वर्षीय थरमन, पूर्व जीआईसी निवेश प्रमुख एनजी कोक सॉन्ग (75), और पूर्व नेशनल ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस इनकम के प्रमुख टैन किन लियान (75) को योग्य बनाया। लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष ली त्जु



यांग और सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली समिति ने पाया कि तीनों व्यक्ति ईमानदार, अच्छे चरित्र और प्रतिष्ठा वाले हैं। चुनाव विभाग ने एक बयान में कहा, 'समिति उपलब्ध जानकारी के आधार पर संतुष्ट है कि श्री थर्मन ईमानदार, अच्छे चरित्र और प्रतिष्ठा वाले व्यक्ति हैं।' बयान में कहा गया है, 'समिति इस बात से भी संतुष्ट है कि श्री थर्मन ने तीन या अधिक वर्षों तक मंत्री पद पर रहते हुए अनुच्छेद 19(3)(ए) के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की सेवा की आवश्यकता को पूरा किया है।'

थर्मन, जिन्होंने देश की संस्कृति को विकसित करने की प्रतिज्ञा के साथ पिछले महीने औपचारिक रूप से अपना राष्ट्रपति अभियान शुरू किया था, ने 7 अगस्त को पात्रता प्रमाण पत्र के लिए अपना आवेदन दायर किया था। सिंगापुर में यदि उम्मीदवार राष्ट्रपति पद के चुनाव में भाग लेना चाहते हैं तो उन्हें पात्रता प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करना होगा। यह उन लोगों को दिया जाता है जो अन्य मानदंडों के अलावा सार्वजनिक या निजी क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इसके अलावा, एक सामुदायिक घोषणा भी है, जो उम्मीदवारों को यह घोषणा करने की अनुमति देती है कि वे चीनी, मलय, भारतीय या 'अन्य अल्पसंख्यक' समुदायों से हैं। ईएलडी ने कहा कि उसने सभी व्यक्तियों को उनके आवेदनों के नतीजे के बारे में सूचित कर दिया है, और असफल आवेदकों को उन्हें अस्वीकार करने के कारण भी बताए हैं। हालांकि, असफल उम्मीदवारों के नाम और उन्हें अस्वीकार करने के कारणों को प्रकाशित नहीं किया जायेगा। संवैधानिक आयोग 2016 की रिपोर्ट में चिंता व्यक्त किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया कि संभावित आवेदक शर्मिंदगी के डर से चुनाव लड़ने से परहेज न करें इसलिए उनके नाम सार्वजनिक नहीं किये जायेंगे। सक्रिय राजनीति में 22 साल देने के बाद थर्मन ने जून में शहर-राज्य के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के अपने इरादे की घोषणा की।

# मलेशिया राजमार्ग पर निजी जेट दुर्घटनाग्रस्त, 10 की मौत

**मलेशिया,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। मलेशिया में एक राजमार्ग पर निजी जेट विमान एक कार और मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मलेशिया पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। विमान में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई, साथ ही जमीन पर दो मोटर चालकों की भी मौत हो गई। घटनास्थल के वीडियो क्लिप से यह पता चला कि जेट कार से टकराते ही उसमें आग लग गई। यह लैंगकावी के रिज़ॉर्ट द्वीप से राजधानी कुआलालंपुर के पश्चिम में सेलांगोर तक यात्रा कर रहा था। अधिकारियों ने कहा कि बीचक्राफ्ट मॉडल 390 विमान का गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले हवाई यातायात नियंत्रण टॉवर से संपर्क टूट गया था।

हुसैन उमर खान ने कहा, 'कोई आपातकालीन कॉल नहीं थी, विमान को उतरने की मंजूरी दे दी गई थी।' उड़ान घोषणापत्र के अनुसार, छोटे हवाई जहाज के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसमें सवार आठ लोगों में से एक स्थानीय राजनेता भी था। परिवहन मंत्री एंथनी लोके ने स्थानीय अस्पताल में फोरेंसिक परीक्षण के



- विमान में आठ लोग सवार थे

परिणाम आने तक मृतकों की पहचान करने से इनकार कर दिया है।

मलेशिया के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विमान को उड़ान भरने की मंजूरी दे दी गई थी और दोनों पायलट अनुभवी थे। जांचकर्ता विमान के ब्लैक बॉक्स या फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर को खोजने के लिए काम कर रहे हैं। श्री लोके ने कहा, 'फिलहाल हम यह नहीं कह सकते कि दुर्घटना का कारण क्या था क्योंकि जांच अब भी जारी है।'

## सुडोकू 6290


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 9 | 5 | | |
| | 9 | | | | 8 | | 3 | |
| 5 | 4 | 8 | 6 | | | | | 1 |
| | 8 | | 3 | | | | 1 | 2 |
| | 5 | 4 | 1 | | 7 | 3 | 8 | |
| 1 | 6 | | | | 4 | | 9 | |
| 8 | | | | | 5 | 1 | 4 | 7 |
| | 1 | | 7 | | | | 2 | |
| | | 2 | 9 | 4 | | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6290



**बायें से दायें:-**

१. वाक्य की बनावट, रचना, लिखने का ढंग (उर्दू)
३. ऐसा जीव जो पौधे या प्राणी को अन्य किसी पौधे या प्राणी पर या उसके अंदर रहता है और उसी को अपना आहार प्राप्त करता है
५. प्रश्न (उर्दू)
६. एक लिपि जिससे हिन्दी, संस्कृत, मराठी आदि भाषाएं लिखी जाती हैं
७. एक फल जिसे सब्जी आदि में डाला जाता है, तता चटनी भी बनती है
९. निर्माण, रचना
१०. बद्दुआ, शाप
१२. सुबह, रात की समाप्ति
१३. जिसके पति की मृत्यु हो गई हो
१४. जंगलों में निवास करने वाला
१६. काल, अवसर
१८. भेद, फासला, फर्क
२०. महिना, साल का भाग
२१. सरोवर
२३. आदेश की अवहेलना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अराध्य देव
२. निवास करना, मौजूद होना
३. सेना, फौज
४. साहस, बहादुरी, हिम्मत
५. जमीन पर रेंगने वाले प्राणी
८. सूर्य पुत्र, कर्ण
१०. इकट्ठा करना, कमाना
११. साधुवाद, वाहवाही
१२. घर, मकान, रहने की जगह
१३. जिसका अंत हो गया हो, विरक्त, लीन, मग्न
१४. अधीनस्थ
१५. वेश्या
१७. शंकर, शिव
१८. आकाश, गगन
१९. रात्रि
२२. कुबेर, कुबेर के सेवक

### वर्ग पहेली-6289



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 19 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 1**

### राशिफल

मेष -आज आप धार्मिक कामों में दिन गुजारने वाले हैं। दान-पुण्य में आपकी रुचि रहेगी। मानसिक रूप से काम का बोझ अधिक रहेगा। हालांकि निर्धारित समय में काम पूरा करने के लिए आप अतिरिक्त मेहनत करेंगे।

वृषभ -आप अपनी वाणी से किसी को मंत्रमुग्ध कर पाएंगे। लोगों से आपके मेल-जोल बढ़ेंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि में बढ़ोतरी होगी। आप का मन प्रफुल्लित रहेगा। आप किसी शुभ काम करने के लिए प्रेरित होंगे।

मिथुन -आज आपके मन में भांति-भांति के विचारों की तरंगे उठेंगी। आप कई तरह के विचारों में खोए रहेंगे। आज किसी के साथ भी वाद-विवाद ना करें। आज आप संवेदनशील रहेंगे।

कर्क -आज का दिन खुशी से भरा रहेगा। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से मुलाकात हो सकती है। काम में मिली सफलता आप के उत्साह में वृद्धि करेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह -आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ आप अच्छी तरह से समय गुजार सकेंगे। दोस्तों का अच्छा साथ मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में आय की अपेक्षा व्यय ही अधिक होगा।

कन्या -आज आपके कोई नए संबंध बनेंगे, जो आपके लिए भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे। वैचारिक रूप से आप समृद्धि बने रहेंगे। शरीर, स्वास्थ और मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन में उल्लासमय वातावरण रहेगा।

तुला -आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रह सकता है। आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। मानसिक रूप से भी आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। आपकी वाणी से किसी का दिल दुख सकता है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। मित्रों के साथ भेंट होगी। घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद में दिन गुजरेगा। नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपकी आय बढ़ेगी। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे।

धनु -आज का आपका दिन शुभ है। आप में परोपकार की भावना रहने से अन्य लोगों की सहायता करने के लिए आप उत्सुक रहेंगे। व्यापार में आज कोई बड़ा काम कर पाएंगे।

मकर -आज का दिन मध्यम फलदायी है। बौद्धिक तथा लेखनकार्य से जुड़े जातक आज ज्यादा सक्रिय रहेंगे। साहित्य में कोई नया सृजन कर पाएंगे। दोपहर के बाद स्वास्थ्य की दृष्टि से कुछ थकान या आलस्य का अनुभव हो सकता है।

कुंभ -आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। ज्यादा सोचने-विचारने से आप परेशान रहेंगे। परिणाम आपको मानसिक थकान का अनुभव होगा। ज्यादा गुस्से से नुकसान हो सकता है। नियम विरुद्ध कामों से दूरी बनाए रखें।

मीन -आज के दिन आपके अंदर छिपे लेखक या कलाकार को अपनी कला दिखाने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में भागीदारी के लिए शुभ समय है। प्रतिदिन की क्रियाकलापों से निकल कर आप अपना समय आमोद-प्रमोद में बीता सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# श्रीलंकाई प्रधानमंत्री, शी चिनफिंग ने उत्कृष्ट नेतृत्व कौशल दिखाया

**बीजिंग,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। चीन-दक्षिण एशिया मेले में भाग ले रहे श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने 16 अगस्त को चाइना मीडिया ग्रुप को एक इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्व आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा संकट के सामने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने उत्कृष्ट नेतृत्व कौशल दिखाया। चीन श्रीलंका का सबसे घनिष्ठ मित्र है। उन्होंने कहा कि शी चिनफिंग के सही मार्गदर्शन में चीन ने विकास की बड़ी प्रगति हासिल की। यह नए युग में विश्व स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। निवेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग आदि व्यापक क्षेत्रों में चीन हमेशा श्रीलंका का समर्थन करता है और श्रीलंका के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाता है। चीन श्रीलंका का घनिष्ठ मित्र है। गुणवर्धने ने आगे कहा कि श्रीलंका सरकार देश के विकास को प्राथमिकता देती है। इसलिए श्रीलंका चीनी बाजार पर बड़ा



ध्यान देता है। चीनी बाजार में प्रवेश की ज्यादा संभावना बढ़ाने के लिए श्रीलंका ने चीन के साथ कई चरणों की वार्ता की और कुछ क्षेत्रों में फलदायक परिणाम मिले।

श्रीलंका चीन के ज्यादा प्रांतों के साथ वाणिज्यिक सहयोग करने की अपेक्षा करता है। इसके लिए श्रीलंका उद्योग का अनुकूलन बढ़ाएगा। गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका को पक्का विश्वास है कि चीनी बाजार मित्रवत और विशाल है। अब चीन दुनिया में महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति बन गया है। चीन के विकास से न सिर्फ चीन को फायदा मिला, बल्कि विश्व समृद्धि के लिए भी अहम अवसर दिए गए।


# अफगानिस्तान में 25 अस्पताल हो सकते है बंद: रेड क्रॉस

**काबुल,** 18 अगस्त (एजेंसियां) रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) अनुदान की कमी के कारण अगस्त के आखिर तक अफगानिस्तान में 25 अस्पतालों का वित्तीय संचालन बंद कर सकती है। आईसीआरसी के प्रवक्ता डिओगो अलकेन्टारा गुरुवार को कहा, 'हालांकि हम अस्पताल क्षेत्र के लिए वैकल्पिक स्थायी सहायता तंत्र खोजने के लिए सरकारी मंत्रालयों, दानदाताओं और संगठनों के साथ जुड़ना जारी रखे हुए हैं, लेकिन अस्पताल कार्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से अगस्त के आखिर में बंद होने उम्मीद है।' प्रवक्ता अलकेन्टारा ने कहा, 'आईसीआरसी के पास लंबे समय तक पूरी तरह से क्रियाशील सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र को बनाए रखने के लिए न तो जनादेश है और न ही संसाधन हैं।'

उल्लखनीय है कि अप्रैल में आईसीआरसी ने कहा कि उसके गवर्निंग बोर्ड ने 2023 और 2024 की शुरुआत में लागत में 430 मिलियन स्विस फ्रैंक की कटौती को मंजूरी दे दी और कुछ स्थानों पर परिचालन वापस ले लिया क्योंकि मानवीय सहायता के बजट में कमी आने की आशंका थी। कार्यक्रम का अंत अफगानिस्तान की मानवीय सहायता में कटौती पर बढ़ती चिंताओं के बीच हुआ, तालिबान के सत्ता में आने के दो साल बाद और अधिकांश अन्य प्रकार की अंतरराष्ट्रीय सहायता जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी, रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि जिनेवा स्थित संगठन अपने अन्य अफगानिस्तान स्वास्थ्य कार्यक्रमों को जारी रखेगा, जिसमें विकलांग लोगों के लिए पुनर्वास सहायता भी शामिल है।

# बिडेन 'बिना किसी पूर्व शर्त' के उत्तर कोरिया के नेता से मिलने को तैयार

**वाशिंगटन,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने कोरियाई प्रायद्वीप पर सुरक्षा और परमाणु निरस्त्रीकरण पर चर्चा के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से 'बिना किसी शर्त के' मिलने को तैयार हैं।



अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने जापानी समाचार एजेंसी क्योडो के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'उन्होंने (उत्तर कोरिया) उस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन यह अभी भी मेज पर है। हम बिना किसी पूर्व शर्त के बैठकर बातचीत करने को तैयार हैं।' किर्बी ने यह नहीं बताया कि शीर्ष स्तरीय बैठक आयोजित करने की पेशकश कब की गई थी, लेकिन उन्होंने कहा कि बिडेन प्रशासन प्योंगयांग तक पहुंचने के प्रयास बढ़ा रहा है। किर्बी ने एक बैठक में प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया की कमी का जिक्र करते हुए कहा, 'लेकिन इसके अभाव में, और अब तक उन्होंने (किम) ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों और हमारे कोरियाई और जापानी सहयोगियों की रक्षा के लिए हर तरह से तैयार हैं।

# कोलंबिया में आया 6.1 तीव्रता का भूकंप, 1 की मौत

**बोगोटा,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। कोलंबिया में रिक्टर पैमाने पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजधानी बोगोटा में भी गुरुवार शाम को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। मेयर क्लाउडिया लोपेज ने कहा कि गंभीर नुकसान होने से शहर बच गया है, लेकिन शहर के दक्षिण में अपने अपार्टमेंट की 10वीं मंजिल से कूदने के बाद एक महिला की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महिला को डर था कि इमारत ढह जाएगी।



एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, 'स्यूदाद बोलिवर के मैडेलेना में एक महिला ने शायद घबराहट के कारण 10वीं मंजिल से छलांग लगा दी और उसकी मौत हो गई। यह हमारे साथ हुई एकमात्र गंभीर घटना है। कृपया, शांत रहें, शांत रहें।' लोपेज़ ने निवासियों को अपने घरों या कार्यस्थलों पर लौटने से पहले दीवारों और छतों को हुए नुकसान की जांच करने और भूकंप के कारण होने वाली किसी भी बड़ी दरार की तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी। बोगोटा में लिफ्ट में फंसे सात लोगों को बचाया गया, कुछ ट्रैफिक लाइटें खराब हो गईं और रिपब्लिक ऑफ कांग्रेस के एलिप्टिकल हॉल में गुंबद का एक टुकड़ा गिर गया। भूकंप के केंद्र मेटा विभाग में कई घर नष्ट हो गए। कुंडिनमार्का विभाग ने कई भूस्खलन और कुछ घरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी है।

## आज का इतिहास

1796 – स्पेन और फ्रांस ने ब्रिटेन गठबंधन के खिलाफ हस्ताक्षर किये।
1812 – अमेरिका के युद्धपोत ने ब्रिटेन के युद्धपोत गंर्रियर को हराया।
1839 – फोटो तत्व की खोज को लेकर रिपोर्ट पेश होने पर विश्व फोटोग्राफी दिवस की शुरुआत हुई।
1895 –जापान के साथ युद्ध में पराजय के पश्चात चीन ने शीमोनोस्की समझौते के अनुसार ताइवान नामक द्वीप जापान के हवाले कर दिया।
1897 – लंदन में पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी का परिचालन किया गया।
1915 – नीदरलैंड में राशन कानून प्रभावी हुआ।
1919 –अफ़ग़ानिस्तान ने ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1939 – गुरुवर रवींद्र नाथ टैगोर ने कलकत्ता में सुभाष चंद्र बोस महाजती सदन का शिलान्यास किया।
1944 – भारत से जापान की अंतिम सैन्य टुकडी को खदेडा गया।
1949 – भुवनेश्वर ओडिशा की राजधानी बनी।
1955 – अमेरिका ने साइकिल पर आयात शुल्को 50 फीदसी बढाया।
1960 – स्पूतनिक 5 अंतरिक्ष यान से दो कुत्तें और तीन चूहे अंतरिक्ष में भेजे गए। बाद में यह पांचों जीवित पाए गए।
1966 – तुर्की में भूकंप की वजह से तकरीबन 2400 लोग मरे।
1970 – दक्षिण अफ्रीका में चीनी समुदाय के लोगों को श्वेत का दर्जा मिला।
1973 – फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
1977 – सोवियत संघ ने सेरी सागान में परमाणु परीक्षण किया।
1978 – ईरान के सिनेमा घर में आग लगने से 422 की मौत।
1998 – सूडान एवं अफ़ग़ानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने मिसाइलों से हमला किया।

**संकट** *हवाई के माउई द्वीप में आग अभी भी पूरी तरह से नियंत्रित नहीं*

# माउई द्वीप को निगल गई आग, सोते रहे अमेरिकी राजनेता

बीजिंग, 18 अगस्त (एजेंसियां)। सैकड़ों लोग मारे गए हैं, हजारों लोग गायब हैं, और हजारों घर नष्ट हो गए हैं, 17 अगस्त को, अमेरिका के हवाई के माउई द्वीप में आग अभी भी पूरी तरह से नियंत्रित नहीं है। पिछले सौ से अधिक वर्षों में यह अमेरिका में सबसे भयानक जंगल की आग है। इस आग के कई प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण हो सकते हैं, जिनमें तेज हवाएं, शुष्क जलवायु और ज्वलनशील वनस्पति शामिल हैं।

हालांकि, अधिक से अधिक विवरणों के प्रकटीकरण के साथ, लोगों ने पता लगाया है कि अतीत में अमेरिका में हुई कई दुर्घटनाओं की तरह, माउई द्वीप की आग दुर्घटना एक प्राकृतिक आपदा है जिसने मानवीय संकट की स्थिति पैदा की है। एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में, अमेरिका में न तो पैसे की कमी है और न ही प्रौद्योगिकी की, इसके बावजूद माउई द्वीप में लगी आग की आपदा राहत क्षमता की आलोचना की गई है। 2021 में फ्लोरिडा में एक इमारत के गिरने से, 2023 की शुरूआत में ओहायो स्टेट में ट्रेन के पटरी से उतरने से, फिर माउई द्वीप की आग की त्रासदी को देखते हुए, अमेरिकी लोगों ने अनुभव किया कि उन्हे अमेरिकी बचाव तंत्र ने निराश किया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हवाई में लगभग 400 अलार्म के साथ एक शक्तिशाली



**सैकड़ों लोग मारे गए हैं, हजारों लोग गायब हैं, और हजारों घर नष्ट हो गए हैं**

सार्वजनिक सुरक्षा चेतावनी प्रणाली है, जिसमें से 80 माउई द्वीप में हैं। हालांकि, जब आग माउई द्वीप पर फैल गई, तो भी कोई अलार्म नहीं बजा।

वाशिंगटन पोस्ट ने बताया कि आपदा के बाद कुशल बचाव अभियान अमेरिकी सरकार द्वारा आयोजित नहीं किया गया था, लेकिन स्थानीय निवासियों की मानें तो विकसित अलार्म सिस्टम विफल हुआ, बचाव टीम देर से आयी , और विशाल अमेरिकी सेना कुछ भी नहीं कर सकी। अमेरिकी आपदा राहत क्षमता की कम संख्या ये दर्शाती है कि अमेरिकी राजनेता लोगों की पीड़ा के बारे में परवाह नहीं करते हैं। जब अमेरिकी सेना 2021 में काबुल से वापस लौट रही थी तो उस समय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन छुट्टी पर थे। अब 2023 में माउई द्वीप को जब आग निगल रही थी तो भी बाइडेन छुट्टी पर थे।

जब पत्रकार ने माउई द्वीप के हताहतों के बारे में पूछा, तो उन्होंने एक मुस्कान के साथ जवाब दिया और कहा, 'कोई टिप्पणी नहीं, जिसकी जनमत की व्यापक आलोचना हुई। कई नेटिज़न्स ने यह कहते हुए आरोप लगाया कि इस तरह के विशाल हताहतों को देखते अमेरिकी राष्ट्रपति कैसे हंस सकते हैं?

### सुडोकू 6290 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 |

## दुनिया को जानें

# वियतनाम का विमानन उद्योग मानव संसाधन की कमी का कर रहा सामना

हनोई, 18 अगस्त (एजेंसियां)। वियतनाम के विमानन उद्योग को पर्यटन क्षेत्र में सुधार और देश भर में हवाई अड्डों के विस्तार की वजह से मानव संसाधन की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय समाचार पत्र वियतनाम न्यूज ने गुरुवार को यह रिपोर्ट दी। अखबार ने वियतनाम एविएशन अकादमी के वायु परिवहन अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख ट्रान थी थाई बिन्ह का हवाला देते हुए कहा कि एयरलाइन कंपनियों और प्रमुख हवाई अड्डों जैसे टैन सोन न्हाट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और हो ची मिन्ह सिटी में निर्माणाधीन लॉन्ग थान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और हनोई में नोई बाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में विमानन पेशेवरों की महत्वपूर्ण मांग है। वियतनाम का विमानन उद्योग परिवहन, बंदरगाह और उड़ान संचालन में लगभग 44हजार व्यक्तियों को रोजगार देता है। उन्होंने कहा, लेकिन कार्यबल उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने में विफल रहता है। अकादमी के उप निदेशक हा नाम खान गियाओ ने सुझाव दिया कि वियतनाम छात्रों को शिक्षा के लिए विदेश भेजने के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग करे।

# खेल जगत

## विराट के इंटरनेशनल क्रिकेट में 15 साल पूरे, जय शाह ने दी बधाई

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे करने पर बधाई दी है। 18 अगस्त, 2008 को युवा विराट कोहली, जो उस समय 19 साल और 287 दिन के थे। उन्होंने दांबुला में खेले गए वनडे मैच में श्रीलंका के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया। इसके कुछ ही महीने बाद उन्होंने मलेशिया में टीम इंडिया को अंडर-19 विश्व कप खिताब दिलाया। तब से कोहली सभी प्रारूपों में भारत के लिए रन मशीन बन गए। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे होने बधाई देते हुए अपने ट्वीट में लिखा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस मुकाम को हासिल करने के लिए आपको बधाई। आपके जुनून, दृढ़ता और उपलब्धियों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। आपको आगे भी इस तरह की सफलता मिलती रहे इसकी हम कामना करते हैं।



# एक अच्छे दिन की जरूरत और 90 मीटर के पार कर जाएगा भाला : नीरज



**दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के खिलाफ मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण है। साल की शुरुआत में, मैंने काफी अच्छी तैयारी की थी, लेकिन फिर मैं चोटिल हो गया जिसके कारण मुझे कुछ प्रतियोगिताओं से बाहर होना पड़ा। हालांकि उसके बाद, मैंने वापसी की और लुसाने डायमंड लीग में भाग लिया, जहां मेरा प्रदर्शन अच्छा था। तब से, सब कुछ बेहतर हो गया है और मैं अपने प्रदर्शन और प्रशिक्षण से खुश हूं : नीरज चौपड़ा**

**मुंबई,** 18 अगस्त (एजेंसियां) । भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी और ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा काफी समय से 90 मीटर का आंकड़ा पार करने की कोशिश कर रहे हैं। 30 जून, 2022 को स्टॉकहोम (89.94) में वो इस आंकड़े के बेहद करीब पहुंच चुके थे। ओलंपिक चैम्पियन, डायमंड लीग फाइनल विजेता, राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता चोपड़ा को पिछले कई महीनों से सवालों का सामना करना पड़ रहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 90 मीटर की दूरी कब पार कर पाएंगे।

हंगरी के बुडापेस्ट में 2023 एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप से पहले एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है। चोपड़ा ने कहा कि वह इस उपलब्धि को हासिल करने के करीब हैं और इसे हासिल करने के लिए सिर्फ एक सही दिन की जरूरत है।

जियोसिनेमा के साथ बातचीत में नीरज चोपड़ा ने कहा, निश्चित रूप से, मैं इस लक्ष्य के करीब हूं। मुझे बस अनुकूल परिस्थितियों के साथ बस एक अच्छे दिन की जरूरत है। 25 वर्षीय चोपड़ा ने कहा कि वह बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में कोई लक्ष्य नहीं रख रहे हैं और उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं भी निर्धारित की हैं, चाहे वह ओलंपिक के लिए उनकी तैयारियों के बारे में हो या घी से बने उनके पसंदीदा खाने के बारे में।

हरियाणा के आर्मीमैन ने कहा कि वह किसी भी चीज का दबाव महसूस नहीं कर रहे हैं। मैं कुछ हद तक दबाव से निपटने का आदी हो गया हूं। हालांकि, जब मैं हर दो से चार साल में एक बार होने वाली प्रतियोगिताओं (जैसे विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक) में भाग लेता हूं, तो निस्संदेह जिम्मेदारी की भावना होती है। लेकिन मैं हमेशा अपना बेस्ट देता हूं। चोपड़ा, जो चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण इवेंट मिस करे और बुडापेस्ट इवेंट के लिए उन्हें ज्यादा तैयारी करने का समय नहीं मिला है। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वो अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के खिलाफ मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण है। साल की शुरुआत में, मैंने काफी अच्छी तैयारी की थी, लेकिन फिर मैं चोटिल हो गया जिसके कारण मुझे कुछ प्रतियोगिताओं से बाहर होना पड़ा। हालांकि उसके बाद, मैंने वापसी की और लुसाने डायमंड लीग में भाग लिया, जहां मेरा प्रदर्शन अच्छा था। तब से, सब कुछ बेहतर हो गया है और मैं अपने प्रदर्शन और प्रशिक्षण से खुश हूं। चोपड़ा ने कहा, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात चुनौती के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना है, यह जानते हुए कि विश्व चैंपियनशिप निकट आ रही है और मैं वहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मेरे दिमाग में कोई तय लक्ष्य या मेडल नहीं है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि जब मैं वहां प्रतिस्पर्धा करता हूं - मैं अपने मन में चोट या किसी और चीज का डर नहीं रखना चाहता। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं, और अगर ऐसा होता है, तो मैं पहले से बेहतर वापसी करूंगा।

# स्टोक्स ने एशेज के तुरंत बाद वनडे में वापसी का फैसला किया था : बटलर

**मैंने यह उस पर छोड़ दिया है कि अगर वह वापस आना चाहता है तो मेरे पास आए। इस तरह का शानदार खिलाड़ी टीम में होना काफी अच्छा है। हमें स्टोक्स की वापसी से बेहद खुशी हो रही है। एक बार फिर वनडे टीम में शामिल होना यह बेन का खुद का निर्णय है : वेंकटेश प्रसाद**





**लंदन,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के सीमित ओवर के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने वनडे में वापसी का फैसला एशेज के बाद मुश्किल से सात या दस दिन के अंदर ले लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में, बेन स्टोक्स ने घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की आगामी श्रृंखला के लिए पिछले साल वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले को वापस ले लिया था।

यानी लॉर्ड्स में 2019 विश्व कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे स्टोक्स, एक बार फिर इंग्लिश टीम के लिए भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में एक्शन में नजर आ सकते हैं। बीबीसी ने बटलर के हवाले से कहा, मैंने यह उस पर छोड़ दिया है कि अगर वह वापस आना चाहता है तो मेरे पास आए। इस तरह का शानदार खिलाड़ी टीम में होना काफी अच्छा है। हमें स्टोक्स की वापसी से बेहद खुशी हो रही है। एक बार फिर वनडे टीम में शामिल होना यह बेन का खुद का निर्णय है।

ओवल में एशेज श्रृंखला के अंतिम मैच से पहले टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने कहा था कि वह वनडे से सेवानिवृत्त रहेंगे और विश्व कप में नहीं जाएंगे। लेकिन अब स्टोक्स ने अपने फैसले से यू-टर्न ले लिया। बटलर ने कहा, बेन अपने फैसले खुद लेता है। मैंने उसके साथ बहुत लंबे समय तक खेला है, मैं उसका अच्छा दोस्त हूं। मैं उसे परेशान करता हूं और कहता हूं, वापस आओ, वापस आओ। लेकिन वास्तव में जिस तरह से चीजें बेन के साथ काम करती हैं वो ये नहीं है, क्योंकि वो अपने सभी निर्णय अपनी मर्जी से लेता है।

क्रिस वोक्स, आदिल राशिद के अलावा बटलर और स्टोक्स ही वो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने इंग्लैंड की विश्व कप फाइनल जीत - 2019 वनडे खिताब और 2022 टी-20 विश्व कप जीत में भूमिका निभाई है। ऐसे में स्टोक्स की वापसी इस टीम को मजबूत करेगी। बटलर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आपको यह बताने की जरूरत है कि बेन स्टोक्स का टीम में क्या रोल है। मैं बहुत खुश हूं। अगर वह वापस आने के लिए तैयार महसूस करते हैं, तो मुझे खुशी होगी और किसी भी समय आप टीम में उनका स्वागत कर सकते हैं, यह बहुत अच्छा है। इंग्लैंड अपने विश्व कप-2023 अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करेगा।

# सैमुअल्स को दोषी पाए जाने पर हैरान नहीं हूं : कोपलैंड




**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ट्रेंट कोपलैंड ने कहा है कि वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर मार्लोन सैमुअल्स को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाया जाना निराशाजनक है लेकिन वो इससे हैरान नहीं है। 16 अगस्त को एक स्वतंत्र भ्रष्टाचार निरोधक न्यायाधिकरण की सुनवाई के बाद सैमुअल्स को अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत चार अपराधों का दोषी पाया गया। आरोप अबु धाबी टी10 टूर्नामेंट के 2019 संस्करण से संबंधित हैं, जहां सैमुअल्स कर्नाटक टस्कर्स टीम के सदस्य थे लेकिन उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला। आरोप में भुगतान या उपहार की प्राप्ति का खुलासा करने में विफल रहना, जांच में सहयोग नहीं करना और जांच के लिए प्रासंगिक जानकारी छिपाकर नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी की जांच में बाधा डालना या देरी करना शामिल है। ट्रेंट कोपलैंड ने कहा, मैं जो जानता हूं वह यह है कि यह चीज़ कितनी सामान्य है। ये हर जगह है। हम करोड़ों डॉलर की बात कर रहे हैं। आप ऑस्ट्रेलिया में डब्ल्यूबीबीएल या महिला घरेलू लीग के बारे में सोचें। इन मैचों पर हर साल करोड़ों डॉलर का सट्टा लगता है, खासकर भारत में। जब हम क्रिकेट में भ्रष्टाचार के बारे में बात कर रहे हैं, तो हम विश्व खेल में भ्रष्टाचार के कुछ बड़े स्तरों के बारे में बात कर रहे हैं। वे सबसे कमजोर खिलाड़ियों, जैसे मार्लन सैमुअल्स से संपर्क करते हैं, ऐसे में वह इस तरह की किसी चीज़ के लिए एकदम सही उम्मीदवार है इसलिए ऐसे लोग इस तरह के खिलाड़ियों को टारगेट करते हैं।

# बैजबॉल शैली ने ऑस्ट्रेलियाई को सोचने के लिए मजबूर किया : पोंटिंग

**होबार्ट,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि जैसे-जैसे एशेज सीरीज आगे बढ़ी, ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम इस बात को लेकर सोचने पर मजबूर थी कि इंग्लैंड की बैज़बॉल शैली का मुकाबला कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि 2-2 का स्कोर एक उचित परिणाम था। एजबेस्टन और लॉर्ड्स में रोमांचक जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया एशेज में 2-0 से आगे था। लेकिन बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम ने हेडिंग्ले में जीत हासिल करके वापसी की और मैनचेस्टर में खेल पर नियंत्रण होने के बावजूद, बारिश के कारण मैच ड्रॉ हो गया, जिसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने एशेज बरकरार रखी।

2001 के बाद पहली बार एशेज श्रृंखला जीतने की ऑस्ट्रेलिया की संभावना तब समाप्त हो गई जब इंग्लैंड ने द ओवल में 49 रनों से जीत हासिल की, खासकर गेंद बदलने पर गेंदबाजों को खेल में वापस लाने के बाद, श्रृंखला 2-2 पर समाप्त हुई। खेल की दो विपरीत



शैलियां बैठकर देखने के लिए बहुत अच्छी थीं। बैज़बॉल के बारे में बहुत चर्चा हुई थी और इंग्लैंड इससे कैसे आगे बढ़ेंगे, और क्या वह शैली ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण की गुणवत्ता के सामने टिक पाएगी - पीछे मुड़कर देखने पर, शायद यह हुआ। संभवतः कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों, कोचों और कप्तान ने अलग-अलग समय पर अपना सिर खुजलाया होगा कि वे इसका मुकाबला कैसे करेंगे।

पोंटिंग ने एसईएन रेडियो पर कहा, सोचिए 2-2 के परिणाम के बारे में, भले ही गेंद के साथ उस आखिरी टेस्ट में थोड़े से विवाद के कारण थोड़ा पक्षपातपूर्ण रहा हो, जिससे इंग्लैंड को कुछ ऐसी परिस्थितियाँ मिलीं जो शायद उन्हें नहीं मिलनी चाहिए थीं, क्रिकेट के स्तर के बारे में सोचें,पूरी श्रृंखला में, 2-2 का परिणाम शायद उचित था। पोंटिंग ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि बल्ले से इंग्लैंड की आक्रामकता ने एशेज में उनकी वापसी में अहम भूमिका निभाई। मुझे लगता है कि यह उनकी शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी थी, जिससे निपटने के लिए हमें संघर्ष करना पड़ा। जिस तरह से क्रॉली और डकेट हर पारी की शुरुआत में खेलने में सक्षम थे, वास्तव में, उन्होंने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दी और सीधे ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण पर दबाव बनाया।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चार देशों के टूर्नामेंट के लिए तैयार

**डसेलडोर्फ,** 18 अगस्त (वार्ता) भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने चार देशों के टूर्नामेंट 'डसेलडोर्फ 2023' का आगाज 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

टीम का मुकाबला 20 अगस्त को इंग्लैंड से और 22 अगस्त को स्पेन से होगा। फाइनल 23 अगस्त को होगा। यह टूर्नामेंट आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 की तैयारियों का हिस्सा होगा, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच सैंटियागो, चिली में खेला जाएगा।

भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तानी प्रीति करेंगी जबकि रुतुजा दादासो पिसल उपकप्तान हैं। प्रीति ने कहा, हम गहन प्रशिक्षण सत्र कर रहे हैं। तैयारियां वास्तव में अच्छी रही हैं, और हमारा पिछला प्रदर्शन खिलाड़ियों



के लिए काफी आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। हमारे पास दिसंबर में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 है, इसलिए यह हमारे लिए उन रणनीतियों को लागू करने और क्रियान्वित करने का एक अच्छा समय होगा जिन पर हम काम कर रहे हैं।

इस बीच, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा, हम इस दौरे का इंतजार कर रहे हैं। एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 की अगुवाई में गुणवत्तापूर्ण टीमों के खिलाफ खेलने से हमें सीखने का अच्छा अनुभव मिलेगा। ये मैच हमारे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि हम महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की तैयारी कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में अपनी ताकत और कमजोरियों पर काम करने के बाद हम इस दौरे में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का लक्ष्य रखेंगे।

भारतीय जूनियर महिला टीम ने जापान के काकामिघारा में महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान जापान को 1-0 से हराकर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने फाइनल में कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार महिला जूनियर एशिया कप जीता।

# श्रीलंका क्रिकेट ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लाहिरू तिरिमाने का इस्तीफा मंजूर किया

**कोलंबो,** 18 अगस्त (आईएएनएस)। श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने वरिष्ठ खिलाड़ी लाहिरू तिरिमाने के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में खेलना छोड़ने के फैसले को स्वीकार कर लिया है। यह उस खिलाड़ी द्वारा श्रीलंका क्रिकेट को भेजे गए त्याग पत्र का अनुसरण करता है जिसमें उसने अपने देश के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने से संन्यास लेने के इरादे की घोषणा की थी। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि कार्यकारी समिति ने हाल ही में हुई एक बैठक के दौरान तिरिमाने का इस्तीफा स्वीकार करने का फैसला किया। श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा, हम इस अवसर पर तिरिमाने को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं और खेल के सभी प्रारूपों को कवर करते हुए श्रीलंका क्रिकेट के लिए उनकी सेवाओं को अच्छी तरह से याद किया जाएगा।

उन्होंने श्रीलंका के लिए 44 टेस्ट मैच, 127 वनडे और 26 टी20 मैच खेले और अपने देश के लिए सभी प्रारूपों में 5500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। 23 जुलाई को, 33 वर्षीय तिरिमाने ने अपने फैसले के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी दी, जिससे उनके करियर का अंत हो गया। तिरिमाने ने फेसबुक पर पोस्ट किया, पिछले कुछ वर्षों से अपने देश का प्रतिनिधित्व करना पूर्ण सम्मान की बात रही है।

# मैं अपनी टीम में तिलक और सूर्या को रखना पसंद करूंगा : संदीप पाटिल

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल ने कहा कि अगर वह आगामी एशिया कप और विश्व कप के लिए टीमों का चयन करेंगे तो वह तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव को टीम में रखना पसंद करेंगे। इन दिनों टीम इंडिया अपने कई सीनियर खिलाड़ी की चोटों से परेशान है। टीम के मुख्य खिलाड़ी काफी समय से टीम से बाहर हैं, तो कुछ इंजरी के बाद वापसी करने को तैयार हैं लेकिन उनकी फॉर्म और परफॉर्मेंस पर सवालिया निशान अभी भी बना हुआ है जबकि कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं जिनके बारे में अब तक कोई अपडेट नहीं है।

इसमें सबसे बड़ा नाम है श्रेयस अय्यर और केएल राहुल का, जो चोटों के कारण लंबे समय से बाहर हैं और उनके आगामी दो बड़े इवेंट से पहले पूरी तरह फिट होने पर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच इन दोनों खिलाड़ी के रिप्लेसमेंट के तौर पर सूर्यकुमार और तिलक के चयन के लिए मांग बढ़ गई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 में डेब्यू करने वाले तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया था। इसी परफॉर्मेंस को देखकर भारतीय क्रिकेट फैंस और पूर्व क्रिकेटर उनके वनडे डेब्यू की मांग कर रहे हैं। पूर्व मुख्य चयनकर्ता पाटिल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 100 प्रतिशत (भारत को तिलक वर्मा को डेब्यू कराना चाहिए?) मैं तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव के साथ जाऊंगा। प्लेइंग-11 में कौन होगा, इसका फैसला संतुलन और विपक्ष को देखकर किया जा सकता है। लेकिन तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव दोनों मेरी टीम में होंगे। वहीं भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने बताया कि वह तिलक से कितने प्रभावित हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि तिलक के



टीम में आने से भारत के पास बाएं हाथ के बल्लेबाज का भी ऑप्शन होगा जिसकी टीम में काफी कमी है।

तिलक ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली टी20 सीरीज में पांच पारियों में 57.67 औसत के साथ 173 रन बनाए। 25 लिस्ट-ए मैच में, तिलक का औसत 56.18 है जिसमें पांच शतक और इतने ही अर्द्धशतक शामिल हैं। शास्त्री ने कहा, मैं तिलक वर्मा से बहुत प्रभावित हूं और मुझे टीम में एक बाएं हाथ का बल्लेबाज चाहिए। इसलिए, अगर मैं मध्यक्रम में युवराज सिंह या सुरेश रैना जैसे बल्लेबाज को देखता हूं। तो, वास्तव में तिलक बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। सैंडी और एमएसके चयनकर्ता रहे हैं और अगर मैं अपने पैनल के साथ चयनकर्ता होता, तो मैं उसके मौजूदा फॉर्म को देखता, यह देखता कि वह किस तरह से रन बना रहा है। तो, जब मैं देखता हूं कि पिछले तीन महीनों में उसने किस तरह से रन बनाए हैं, चाहे वह मुंबई इंडियंस के लिए हो भारत के लिए हो, चाहे वह दबाव या खेल की विभिन्न परिस्थितियों से निपटना हो।

## शास्त्री और पाटिल ने की तिलक वर्मा की तारीफ

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री और विश्वकप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे संदीप पाटिल ने एशिया कप और विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में तिलक वर्मा को शामिल करने की वकालत की है। स्टार स्पोर्ट्स से एक्सक्लूसिव बातचीत में शास्त्री ने कहा, मैं तिलक वर्मा से बहुत प्रभावित हूं। बहुत, बहुत प्रभावित हूं। मैं एक बाएं हाथ का खिलाड़ी चाहता हूं। इसलिए अगर मैं मध्यक्रम में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज की तलाश में हूं, जैसे युवराज सिंह और उससे पहले पांचवें नंबर पर सुरेश रैना थे तो उस दिशा में मैं तिलक वर्मा को देखना पसंद करूंगा। सैंडी और एमएसके चयनकर्ता रहे हैं, और अगर मैं अपने पैनल के साथ चयनकर्ता होता तो मै उस मौजूदा फॉर्म को देख रहा होता कि वह अपने रन कैसे बना रहा है। उनके पास सब कुछ है। संदीप पाटिल ने कहा, मैं विश्वकप और एशियाकप के लिये अपनी टीम में तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव को देखना चाहूंगा। अंतिम एकादश में कौन होगा, इसका फैसला संतुलन और विपक्ष को देखकर किया जा सकता है. लेकिन तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव दोनों मेरी टीम में होंगे। गौरतलब है कि इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले संस्करण के अलावा हाल ही में संपन्न वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में तिलक वर्मा ने अपने प्रदर्शन से खासा प्रभावित किया था।

## सार संक्षेप

### भारत में सऊदी प्रो लीग का प्रसारण करेगा सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क

**मुंबई।** भारतीय फुटबॉल फैंस जश्न मना सकते हैं, क्योंकि सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क को देश में सऊदी प्रो लीग का आधिकारिक प्रसारक और सोनी लिव को स्ट्रीमिंग पार्टनर नामित किया गया है। लीग के अगले दो सीज़न के लिए, ब्रॉडकास्टर दुनिया भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ मैचों का सीधा प्रसारण करेगा। सऊदी प्रो लीग ने पिछले सीज़न में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को शामिल किया था और अब नेमार, करीम बेंजेमा, जॉर्डन हेंडरसन, एनगोलो कांटे, सादियो माने और फुटबॉल जगत के दिग्गज शामिल हो गए हैं। लीग के अलावा, किंग्स कप और सऊदी सुपर कप का प्रसारण दोनों सीज़न के लिए क्रमशः क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल से शुरू किया जाएगा।

### हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे रोनाल्ड अराउजो टीम से बाहर

**मैड्रिड (स्पेन)।** एफसी बार्सिलोना के उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण लगभग एक महीने के लिए मैदान से बाहर रहेंगे। क्लब की वेबसाइट ने गुरुवार को इस खबर की पुष्टि की, जिसमें बताया गया कि अराउजो हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं और पूरी तरह ठीक होने तक चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, क्लब ने उनकी वापसी की कोई तारीख नहीं बताई है लेकिन इस प्रकार की चोट और अराउजो की मांसपेशियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वह कम से कम एक महीने के लिए एक्शन से दूर हो सकते हैं। इसका मतलब यह भी है कि वह रविवार को काडिज़ के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर होने वाले मैच के साथ-साथ 27 अगस्त को विलारियल के मुश्किल दौरे और अगले हफ्ते ओसासुना के खिलाफ होने वाले घरेलू मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। क्लब को उम्मीद है कि वह 17 सितंबर को रियल बेटिस के खिलाफ घरेलू मैच और अगले सप्ताह चैंपियंस लीग में ग्रुप चरण की शुरुआत के लिए उपलब्ध होंगे। अब सर्जी रॉबर्टो, जूल्स कौंडे, एंड्रियास क्रिस्टेनसेन, एरिक गार्सिया और एलेजांद्रो बाल्डे वर्तमान में बार्सिलोना की मुख्य टीम में हैं, क्योंकि वित्तीय फेयरप्ले के उद्देश्यों के कारण मार्कोस अलोंसो और इनिगो मार्टिनेज़ को अभी तक शामिल नहीं किया गया है। मार्टिनेज़ पूरी गर्मियों में पैर की चोट से जूझते रहे, हालांकि गुरुवार को उन्होंने मुख्य टीम के प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## ऋण चूककर्ताओं पर लगाए गए जुर्माने का उपयोग धन जुटाने को नहीं कर सकते बैंक : आरबीआई

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि बैंक ऋण चूककर्ताओं पर लगाए गए जुर्माने का इस्तेमाल धन जुटाने के लिए नहीं कर सकते। केंद्रीय बैंक ने यह सुनिश्चित करने के लिए ऋण खातों से संबंधित मानदंडों में संशोधन किया है।

आरबीआई ने कहा कि बैंकों को गैर-अनुपालन के लिए दंड को %दंडात्मक शुल्क% के रूप में मानना चाहिए और इसे %दंडात्मक ब्याज% के रूप में नहीं लगाया जाना चाहिए, जो अग्रिमों पर लगाए गए ब्याज की दर में जोड़ा जाता है। आरबीआई ने कहा कि दंडात्मक शुल्कों का पूंजीकरण नहीं किया जाना चाहिए, दूसरे शब्दों में, ऐसे शुल्कों पर कोई और ब्याज की गणना नहीं की जानी चाहिए।

शुक्रवार को जारी एक सर्कुलर में यह भी कहा गया कि इससे ऋण खाते में ब्याज चक्रवृद्धि की सामान्य प्रक्रियाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह निर्देश यह देखने के बाद जारी किए गए थे कि कई बैंक उधारकर्ता द्वारा उन शर्तों के साथ चूक या गैर-अनुपालन के मामले में, जिन शर्तों पर ऋण सुविधाएं स्वीकृत की गई थीं, लागू ब्याज दरों के अलावा दंडात्मक ब्याज दरों का उपयोग करते हैं।

केंद्रीय बैंक ने कहा, इस तरह के शुल्क का उपयोग अनुबंधित ब्याज दर से अधिक राजस्व वृद्धि उपकरण के रूप में नहीं किया जाता है। आरबीआई की टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ग्राहकों ने अक्सर उन दंडात्मक शुल्क लगाते समय बैंकों की ओर से पारदर्शिता की कमी के बारे में शिकायत की है।

आरबीआई के सर्कुलर में कहा गया है, दंडात्मक शुल्क की मात्रा उचित होगी और किसी विशेष ऋण या उत्पाद श्रेणी के भीतर भेदभाव किए बिना ऋण अनुबंध के भौतिक नियमों और शर्तों के गैर-अनुपालन के अनुरूप होगी।



## विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 99.9 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 534.4 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34 करोड़ डॉलर कम होकर 44.3 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## भारत के टैबलेट बाजार में 2023 की दूसरी तिमाही में 29 प्रतिशत का उछाल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के टैबलेट बाजार में 2023 की दूसरी तिमाही में 29 फीसदी की उछाल आया है। जिसमें 5जी टैबलेट के बिक्री में 7 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की रिपोर्ट के अनुसार वाई-फाई टैबलेट शिपमेंट में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जो 54 प्रतिशत शिपमेंट हिस्सेदारी का दावा करता है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार प्रीमियम टैबलेट सेगमेंट में 48 प्रतिशत (तिमाही-दर-तिमाही) की वृद्धि देखी गई है, वहीं पूरे टैबलेट बाजार पर नजर डालें तो इसमें 2023 की दूसरी तिमाही में 22 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

साइबरमीडिया रिसर्च की विश्लेषक-उद्योग इंटेलिजेंस मेनका कुमारी ने कहा कि टेबलेट्स ने इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रबंधन में अपनी अहम भूमिका निभाई है। टेलीमेडिसिन, रोगी निगरानी में यह काफी प्रयोग किया जा रहा है। 5जी में चल रहा बदलाव अपार संभावनाएं लेकर आया है।

एप्पल ने 25 प्रतिशत, सैमसंग ने 25 प्रतिशत और लेनोवो 23 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ 2023 की दूसरी तिमाही में भारत के टैबलेट बाजार का नेतृत्व किया है। शाओमी ने छोटे आधार से 155 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 8 इंच डिस्प्ले वाले टैबलेट की शिपमेंट भारतीय बाजार में कुल शिपमेंट का 18 प्रतिशत थी। दूसरी ओर, 10 इंच और उससे अधिक डिस्प्ले वाले टैबलेट ने 73 प्रतिशत शिपमेंट में योगदान दिया।



20,000 रुपये से 30,000 रुपये के बीच की कीमत वाले टैबलेट में 2023 की दूसरी तिमाही में 185 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार पूरे टैबलेट बाजार में 2023 में साल-दर-साल वृद्धि होने की उम्मीद है।

मेनका कुमारी ने कहा कि जैसे-जैसे त्योहारी सीजन नजदीक आ रहा है, हमें टैबलेट के मुनाफे में बढ़ोतरी की उम्मीद है। 5जी टैबलेट में गेमिंग के लिए नई संभावनाएं हैं। लोग नेटवर्क या कनेक्टिविटी की चिंता किए बिना लाइव मल्टीप्लेयर गेम में भाग ले सकते हैं।

## फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल ई-कॉमर्स स्टार्टअप की योजना बना रहे हैं : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल कथित तौर पर भारत में बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र में एक नए स्टार्टअप की योजना बना रहे हैं। मनी कंट्रोल के मुताबिक, बंसल ने हाल ही में फ्लिपकार्ट में अपनी बची हुई हिस्सेदारी बेच दी है और अब वह एक ई-कॉमर्स स्टार्टअप बनाने के प्रयास में हैं। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि बंसल नए ई-कॉमर्स स्टार्टअप में पूरी पूंजी खुद लगाएंगे।

बंसल को फ्लिपकार्ट में अपनी हिस्सेदारी से लगभग एक-डेढ़ अरब डॉलर मिले हैं। बिन्नी ने सचिन बंसल के साथ, फ्लिपकार्ट को 2018 में लगभग 16 अरब डॉलर में वॉलमार्ट के हाथों बेच दिया था। बिन्नी ने एको, एथर एनर्जी, क्योरफूड्स, कल्टफिट, ब्राइटचैम्प्स, अनएकेडमी, युलु और अन्य जैसे लगभग 60 स्टार्टअप का समर्थन किया है।

पिछले साल, बिन्नी बंसल ने घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में अपनी 26.4 करोड़ डॉलर (दो हजार करोड़ रुपये से अधिक) की हिस्सेदारी चीनी इंटरनेट दिग्गज टेनसेंट को बेच दी थी। आईआईटी दिल्ली से 2005 में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में बी. टेक की डिग्री प्राप्त करने वाले सचिन और बिन्नी बंसल ने भारत को सबसे बड़े ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस में से एक बनाया। सचिन ने 2007 में इसकी स्थापना से लेकर 2015 तक सीईओ के रूप में फ्लिपकार्ट का नेतृत्व किया और 2016 में कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला।

## जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंयिसां)। वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन के तौर पर शुरू किये गये प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के नौ वर्ष पूरे होने से पहले ही इसके तहत खुले खातों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंच गयी है और इन खातों में 2.03 लाख करोड़ रुपये जमा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल की शुरूआत में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से वित्तीय समावेशन के लिए योजना शुरू किये जाने की घोषणा की थी और 28 अगस्त 2014 को यह योजना शुरू की गयी। अब इस योजना के लगभग 9 साल पूरे होने वाले हैं।

बैंकों द्वारा दी गयी नयी रिपोर्ट के अनुसार 9 अगस्त 2023 तक जन धन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ से अधिक हो गई है। इन खातों में से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इन खातों में जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपये है। इन खाता धारकों को लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी किए गए हैं। पीएमजेडीवाई खातों में औसत शेष राशि 4,076 रुपये है और 5.5 करोड़ से अधिक जनधन खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तातंरण (डीबीटी) लाभ हस्तातंरित किये जा रहे हैं।




यह योजना देश के वित्तीय परिदृश्य को बदलने में सफल रही है। पीएमजेडीवाई की सफलता प्रौद्योगिकी, सहयोग और नवाचार के माध्यम से अंतिम व्यक्ति को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का प्रयास है। पीएमजेडीवाई खाताधारकों को कई लाभ मिलते हैं जैसे न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता के बिना बैंक खाता, दो लाख रुपये के दुर्घटना बीमा के साथ मुफ्त रुपे डेबिट कार्ड तथा 10 हजार रुपये की ओवरड्राफ्ट सुविधा मिल रही है।

## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरा

**मुंबई** 18 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिज़र्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद धूमिल होने से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, पावर और धातु समेत सत्रह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन भी गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 202.36 अंक की गिरावट लेकर 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 64,948.66 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 55.10 अंक उतरकर 19,310.15 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिड कैप 0.41 प्रतिशत टूटकर 30,265.32 अंक और स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत गिरकर 35,283.32 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3748 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2086 में बिकवाली जबकि 1526 में लिवाली हुई वहीं 136 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 39 कंपनियां गिरावट जबकि 10 तेजी पर रहीं वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 17 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.10, सीडी 0.27, ऊर्जा 0.33, वित्तीय सेवाएं 0.31, हेल्थ केयर 0.60, इंडस्ट्रीयल्स 0.36, आईटी 1.46, दूरसंचार 0.62, ऑटो 0.14, बैंकिंग 0.06, कैपिटल गुड्स 0.24, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.57, धातु 0.88, तेल एवं गैस 0.46, रियल्टी 0.73 और टेक समूह के शेयर 1.26 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतर्राष्ट्रीय बाजार में शेयरों के भाव उतर गए। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.68, जर्मनी का डैक्स 0.52, जापान का निक्केई 0.55, हांकांग का हैंगसेंग 0.55 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 1.00 प्रतिशत कमजोर रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 125 अंक की गिरावट लेकर 65,025.71 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 64,754.72 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद लिवाली होने से यह 65,175.32 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच लेकिन कारोबार के अंतिम चरण में फिर गिर गया और अंत में पिछले दिवस के 65,151.02 अंक की तुलना में 0.31 प्रतिशत उतरकर 64,948.66 अंक पर आ गया।

निफ़्टी भी 64 अंक गिरकर 19,301.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,253.60 अंक के निचले जबकि 19,373.80 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,365.25 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत टूटकर 19,310.15 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की 21 कंपनियों में गिरावट रही। टी सी एस ने सबसे अधिक 2.14 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही टेक महिंद्रा 1.80, इंफोसिस 1.59, विप्रो 1.35, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.31, पावर ग्रिड 1.23, सन फ़ार्मा 1.00, टाइटन 0.76, एलटी 0.49, एचडीएफसी बैंक 0.36, एनटीपीसी 0.28, टाटा स्टील 0.26, एचसीएल टेक 0.20, भारती एयरटेल 0.07 और आईसीआईसीआई बैंक ने 0.02 प्रतिशत का नुकसान उठाया। वहीं, मारुति 0.98, नेस्ले इंडिया 0.76, रिलायंस 0.75, ऐक्सिस बैंक 0.67, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.48, टाटा मोटर्स 0.36, आईटीसी 0.24, एस बी आइ 0.17 और अल्ट्रासिमको ने 0.15 प्रतिशत का मुनाफ़ा कमाया।

## खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल के साथ ही दाल-दलहन के भाव में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 39 रिंगिट फिसलकर 3855 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.05 सेंट की तेजी लेकर 63.83 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया जबकि सोया रिफाइंड 147 रुपये और पाम ऑयल में 67 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गुड़ और चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9000-9100, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल :** 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

### सार संक्षेप

## होंडा ने लाँच की नई मोटरसाइकिल लीवो

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज ओबीडी2 कम्प्लायन्ट 2023 होंडा लीवो लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि स्टाइल, आराम और परफोर्मेन्स का बेहतरीन संयोजन यह मोटरसाइकिल 110 सीसी सेगमेन्ट में सबसे स्टाइलिश और अडवान्स्ड कम्प्यूटर मोटरसाइकिल है जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 78500 रुपये है। यह उपभोक्ताओं के लिए राइडिंग के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने और उन्हें मन की शांति प्रदान करने के प्रयासों के तहत लाँच की गयी है। 2015 में अपनी शुरूआत के बाद से लीवो इस कैटेगरी में महत्वाकांक्षी खरीददारों की पसंदीदा मोटरसाइकिल रही है और अब ओबीडी2 नियमों की शुरूआत के साथ इस अपील को नई ऊँचाईयों तक ले जाने की कोशिश की जा रही है। नई लीवो होंडा के आधुनिक एन्हान्स्ड स्मार्ट पावर से युक्त ओबीडी2 कम्प्लायन्ट पीजीएम एफआई इंजन के साथ आती है।

## वेतन देने में असमर्थ डंज़ो 100 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए कर रहा बातचीत

**नई दिल्ली।** कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं देने के कारण विवादों में आई घरेलू त्वरित-किराना डिलीवरी प्रदाता कंपनी डंज़ो सीरीज जी राउंड में 80-100 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए उन्नत स्तर पर बातचीत कर रही है। अग्रणी स्टार्टअप कवरेज पोर्टल इंक 42 की रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु स्थित हाइपरलोकल डिलीवरी स्टार्टअप डंज़ो लाइटबॉक्स और लाइटरॉक सहित अपने मौजूदा निवेशकों से धन जुटाने के लिए बातचीत कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फंडिंग राउंड में ज्यादातर इक्विटी फंडिंग शामिल है और इसमें एक छोटा ऋण तत्व हो सकता है। डंज़ो ने अभी तक रिपोर्ट पर टिप्पणी नहीं की है। फंड जुटाने से स्टार्टअप को वेतन का भुगतान करने के साथ-साथ अपने विक्रेताओं के लंबित बकाया का भुगतान करने में भी मदद मिल सकती है। इस साल मार्च से लेकर अब तक डंज़ो को कम से कम सात कंपनियों से कानूनी नोटिस मिल चुका है। कथित तौर पर इसे गूगल इंडिया, निलेंसो, क्लोवर वेंचर्स, फेसबुक इंडिया ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, कपशप, कू और ग्लांस से कानूनी नोटिस मिले। डंज़ो ने कथित तौर पर कर्मचारियों को वेतन घटक पर 12 प्रतिशत प्रति वर्ष का ब्याज देने का वादा किया है, जिसे उसने जून से रोक रखा था। इसके अलावा, स्टार्टअप ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह पिछली रिपोर्टों के अनुसार, 4 सितंबर तक सभी बकाया ऋणों का भुगतान करने की राह पर है। कंपनी को 20 जुलाई तक सभी लंबित बकाया चुकाने थे, लेकिन एक ईमेल भेजकर समय सीमा को 4 सितंबर तक बढ़ा दिया गया। डंज़ो की पेरोल टीम ने कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा, आपके धैर्य और निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद।

## व्यापार, निवेश पर जी20 की मंत्रिस्तरीय बैठक 24 अगस्त से जयपुर में, आम सहमति बनाने का होगा प्रयास

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। जी20 की व्यापार और निवेश संबंधी मुद्दों पर दो दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक 24 अगस्त को जयपुर में शुरू होगी जिसमें इस समूह की भारत की अध्यक्षता के दौरान समूह के प्रतिनिधियों की बातचीत, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने, वैश्विक व्यापार में छोटे-मझोले उद्यमों को भी पिरोने और विश्व व्यापार संगठन में सुधार जैसे व्यापार एवं निवेश से संबंधित मुद्दों कार्रवाई को लेकर भारत के प्रस्तावों पर आम सहमति बनाने पर केंद्रित होगी। यह जानकारी शुक्रवार को यहां अधिकारियों ने दी।

वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बरथवाल और उद्योग विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इस मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले जी20 के अगले माह होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले इस वैश्विक मंच के व्यापार और निवेश कार्य समूह (टीआईडब्यलूजी) की चौथी तथा आखिरी बैठक 21-22 अगस्त को जयपुर में ही आयोजित की गयी है। इस कार्यसमूह की पहली तीन बैठकें क्रमश: मुंबई, बेंगलुरु और केवडिया में हुई थीं।

वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि जयपुर में होने जा रही दोनों बैठकों में जी 20 के सदस्य देशों, आमंत्रित देशों, क्षेत्रीय समूहों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के व्यापार मंत्रियों/सचिवों और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों सहित 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में बंगलादेश, मिस्र, नीदरलैंड, ओमान , सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात को आमंत्रित देश का दर्जा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जयपुर में इन महत्वपूर्ण बैठकों का विचार-विमर्श जी20 के वर्तमान अध्यक्ष भारत ओर से प्रस्तावित किए गए कार्रवाई-उन्मुख प्रस्तावों को पूरा करने के साथ-साथ वैश्विक व्यापार और निवेश से संबंधित मुद्दों पर आम सहमति बनाने पर केंद्रित होगा।




व्यापार एवं निवेश पर जी20 के कार्यसमूह की पहली और दूसरी बैठकों के दौरान चर्चा में पांच प्राथमिकता वाले मुद्दे- विकास और समृद्धि के लिए व्यापार, व्यापार और वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) की दृढ़ता, वैश्विक व्यापार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पिरोना, व्यापार के लिए लॉजिस्टिक्स और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियम और प्रक्रियाओं में सुधार लिए गए थे।

सदस्य देशों और विशेषज्ञ भागीदारों की चर्चाओं और सुझावों के आधार पर अध्यक्ष भारत ने मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए वक्तव्य का मसौदा और प्रत्येक प्राथमिकता वाले मुद्दे पर कार्रवाई-उन्मुख ठोस प्रस्ताव तैयार किए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि इस समय वैश्विक व्यापार के समक्ष आ रही चुनौतियों के बीच भारत की अध्यक्षता में तैयार प्रस्तावों में कहा गया है कि जी20 के लिए यह उपयुक्त समय है कि यह समूह समावेशी विकास, नवाचार, रोजगार सृजन और स्वास्थ्य से जुड़े हमारे साझा उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए डब्ल्यूटीओ को केंद्र में रख कर नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में अपनी निष्ठा की पुष्टि पुनः घोषित करें।

अधिकारियों ने बताया कि जी20 की भारत की अध्यक्षता में व्यापार और निवेश के मुद्दों पर कार्यवाई के लिए सुझाए जा रहे प्रस्तावों में कागज रहित व्यापारिक लेन-देन प्रणाली को प्रोत्साहित करने, छोटी मात्रा के वाणिज्यक माल को भेजने की लागत कम करने ,अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के एकीकरण में बाधाओं को दूर करना , वैश्विक मूल्य श्रृंखला को कोविड जैसे भविष्य के किसी भी झटक को झेलने में समर्थ बनाने पर बल दिया जा रहा है।

अधिकारियों के चूँकि विश्व व्यापार का 70 प्रतिशति वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के माध्यम से प्रकट होता है इस लिए इस श्रृंखला को संभावित चुनौतियों की दृष्टि से अधिक जुझारू तथा समर्थ बनाना जरूरी है। इन प्रस्तावों में डब्यूटीओ की आगामी तेरहवीं मंत्रिस्तरीय बैठक में संगठन में सुधार की दृष्ठि से सार्थक परिणाम प्राप्त करने पर भी बल दिया जा रहा है।

जयपुर में आने वाले प्रतिनिधियों के लिए भारतीय चाय, कॉफी, मसालों और बाजरा की विस्तृत विविधता को प्रदर्शित करने के लिए एक अनुभव क्षेत्र स्थापित किया जाएगा, और गुलाबी शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए जयपुर अनुभव पर एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।




प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188